# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025


विंग बी में सदन विस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के कक्ष को संवारा जा रहा

# नवा रायपुर में नया विधानसभा भवन को दिया जा रहा फाइनल टच
## 30 सितंबर तक पीडब्ल्यूडी सौंपेगा भवन, 1 से 6 के बीच उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर


नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया भवन तकरीबन तैयार हो चुका है। पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है, 30 सितंबर तक भवन सौंप दिया जाएगा। राज्योत्सव के अवसर पर इस भवन के उद्घाटन की तैयारी है। संभावित तिथि 1 से 6 नवंबर तय है। निर्माण एजेंसी का फोकस अभी विंग बी में है। यहां सदन, विस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के कक्ष को संवारा जा रहा है। गौरतलब है, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराने की तैयारी में लगे हैं। दोंनो नेताओं ने पीएम से मुलाकात कर समय मांगा है। पीएम ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए आने का आश्वासन दिया है।

नए भवन का निर्माण तकरीबन पूरा हो चुका है। विधानसभा सदन, विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष, मुख्यमंत्री का कक्ष तथा सम्पूर्ण परिसर ▸▸| शेष पेज 5 पर

### परिसर में 700 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था



### रमन बोले- 1 से 6 नवंबर के मध्य उद्घाटन



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, पिछले दिनों दिल्ली में पीएम और स्पीकर से मिलकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के लोकार्पण में याामिल होने का आमंत्रण दिया है। दोनों नेताओं ने उनके आमंत्रण को स्वीकार करते हुए लोकार्पण में आने का कार्यक्रम तय करने कहा है। नए विधानसभा का उद्घाटन 1 से 6 नवंबर के बीच होने की संभावना है।

**फैक्ट फाइल**

### 52 एकड़ में बना है भवन

नया विधानसभा भवन 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। यह नवीन विधानसभा भवन आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सांस्कृतिक सौंदर्य से युक्त एक भव्य परिसर होगा। सदन में 200 विधायकों के बैठने की क्षमता के साथ-साथ 500 दर्शकों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया गया है। परिसर में 700 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। डेढ़-डेढ़ एकड़ क्षेत्र में दो प्रस्तावित सरोवर, विकसित किए जा रहे हैं।

### 30 सितंबर को करेंगे हैंडओव्हर

विधानसभा भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी कर रहा है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। आंतरिक साज-सज्जा का काम चल रहा है, और यह सब महीनेभर के भीतर पूरा हो जाएगा। 30 सितंबर को भवन, छत्तीसगढ़ विधानसभा को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

### 300 किलोवॉट का सोलर पैनल

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में 500 सीटरों का ऑडिटोरियम भी बनाया जा रहा है। भवन में तीन सौ किलो वॉट का सोलर पैनल लगाया गया है। स्पीकर से लेकर सीएम, नेता प्रतिपक्ष, सभी मंत्रियों के लिए अलग कक्ष बनाया गया है। इसके अलावा विधायकों के लिए भी सदन के बाहर बैठने के लिए अलग व्यवस्था होगी।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹72569/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹88630/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹96748/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## केंद्र के प्रस्ताव को जीओएम ने किया स्वीकार, रहेगा 5 और 18 फीसदी का स्लैब

# जीएसटी में खत्म होगा 12 और 28 फीसदी का स्लैब, मिलेगी राहत

*केंद्र सरकार जीएसटी प्रणाली को और सरल बनाने की तैयारी कर रही है। गुरुवार को राज्यों के मंत्रियों के समूह की बैठक हुई। इसमें केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी स्लैब को रिजनेबल बनाने के लिए सहमति बन गई है। इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने मौजूदा चार स्लैब को घटाकर केवल दो स्लैब रखने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि अब 12% और 28% के स्लैब खत्म हो जाएंगे। केवल 5% और 18% के स्लैब रहेंगे। ऐसे में कई सामान सस्ते हो जाएंगे और आम आदमी को राहत मिलेगी।*

### टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर के भी घट सकते हैं दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

- सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट हो जाएंगे सस्ते

जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर राज्यों के मंत्रियों के समूह ने गुरुवार को केंद्र के पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब संरचना अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। बिहार के उपमुख्यमंत्री और दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के संयोजक सम्राट चौधरी ने कहा कि छह सदस्यीय राज्य मंत्रिसमूह ने 12 और 28 प्रतिशत की स्लैब हटाने के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है। चौधरी ने मंत्रिसमूह की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह ने केंद्र के दोनों प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश ▸▸| शेष पेज 5 पर




### सीतारमण बोलीं- आम जनता को होगा फायदा

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक में कहा कि टैक्स दरों को रिजनेबल बनाकर आम जनता को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था से कर प्रणाली सरल और पारदर्शी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इससे कई वस्तुओं पर टैक्स की दर कम हो जाएगी, जिससे वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।



### इन पर 28 से 18 फीसदी टैक्स

सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर, निजी विमान, प्रोटीन कॉन्सेंट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कॉन्सेंट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास, प्रिंटर, रेजर, मैनिक्योर किट, डेंटल फ्लॉस।

### अब दो ही जीएसटी स्लैब होंगे?

*बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बनी इस छह सदस्यीय मंत्रिसमूह ने यह फैसला किया है कि जीएसटी की दरों को केवल दो स्लैब में बांटा जाएगा। इसमें अच्छी और आवश्यक वस्तुओं पर 5% की दर लागू होगी, जबकि अधिकांश मानक वस्तुओं और सेवाओं पर 18% का कर लगाया जाएगा। इसके अलावा लग्जरी वस्तुएं 40% के स्लैब में रहेंगी।*

### इन पर टैक्स 12 से 5 फीसदी

बताया जा रहा है कि सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल, कुछ कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी। इनके अलावा बिना बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपए की रेंज वाले जूते, ज्यादातर वैक्सीन, टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा। ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे प्रोडक्ट भी 12% के टैक्स स्लैब में आते हैं।

**विदेश यात्रा से पहले बोले सीएम**

## साय ने कहा- इलेक्ट्रॉनिक्स ऑटोमोबाइल्स और फूड प्रोसेसिंग हब बनेगा छत्तीसगढ़



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- जापान और साउथ कोरिया के 10 दिवसीय दौरे पर हुए रवाना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को जापान और साउथ कोरिया के दौरे पर रवाना हुए। उन्होंने विदेश यात्रा के संबंध में बताया कि यह दौरा पूरी तरह उद्योग और निवेश केंद्रित है। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स और फूड प्रोसेसिंग तीन ऐसे सेक्टर हैं, जिनमें जापान और साउथ कोरिया ने बेहतरीन काम किया है और इन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ ▸▸| शेष पेज 5 पर

### ओसाका में विश्व एक्सपो में उद्योगपतियों से मिलेंगे

उनके साथ प्रवास पर जाने वालों में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और उद्योग सचिव रजत कुमार भी शामिल हैं। वे इन्वेस्टमेंट, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट और रोजगार पैदा करने के उपायों पर विदेशी प्रतिनिधियों से चर्चा कर सकते हैं। बताया गया है कि इस प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जापान के ओसाका में विश्व एक्सपो में बड़े और नामी इंडस्ट्रियलिस्ट से भी भेंट कर उनसे चर्चा करेंगे।

### छत्तीसगढ़ में खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ केवल खनिज और प्राकृतिक संसाधनों के लिए ही नहीं, बल्कि उद्योग, तकनीक और रोजगार के अवसरों के लिए भी जाना जाए। जापान और कोरिया का अनुभव हमारे लिए मार्गदर्शक होगा, इससे न केवल राज्य में नई तकनीक आएगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

**खबर संक्षेप**

### प्रधानमंत्री मोदी आज देंगे 5,200 करोड़ की सौगात

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। वे 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी, कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों के कथित उत्पीड़न को लेकर तृणमूल कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के बीच जनसभा को संबोधित करेंगे।



### दिल्ली में फिर छह स्कूलों को धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कम से कम छह स्कूलों को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली। सुबह छह बजकर 35 मिनट से सात बजकर 48 मिनट के बीच दिल्ली के छह स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित कॉल आई। इनमें प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल, बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल, राव मान सिंह स्कूल, कॉन्वेंट स्कूल, मैक्स फोर्ट स्कूल और द्वारका स्थित इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं।

### वाराणसी में शुरू होगी गंगोत्री रेजिडेंशियल क्रूज सेवा

**वाराणसी।** वाराणसी में पर्यटकों के लिए पांच सितारा 'गंगोत्री रेजिडेंशियल क्रूज सेवा' आगामी सितंबर महीने से शुरू हो जाएगी। वाराणसी के रविदास घाट पर मौजूद इस लक्जरी क्रूज का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जाने की संभावना हैं। यह लग्जरी क्रूज सितंबर से वाराणसी के रविदास घाट से चुनार, मारकंडे महादेव, आदिकेशव सहित प्रयागराज तक जल यात्रा कराएगा।

**बस्तर में नक्सली वारदात**

## तिरंगा फहराने की सजा नक्सलियों ने मार डाला





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/पखांजुर

बिनागुंडा का युवक महेश नरेटी को देश प्रेम था और 15 अगस्त को देशभक्ति दिखाते हुए माओवादियों के स्मारक में तिरंगा लहराया और भारता माता की जय के नारे भी लगाए थे। माओवादियों के बिनागुंडा के युवक का ▸▸| शेष पेज 5 पर

### वीडियो की जांच की जाएगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने इस मामले में कहा कि 17 अगस्त को बैनर लगा था, जिसमें महेश नरेटी की हत्या करना ▸▸| शेष पेज 5 पर

**द्विपक्षीय मुकाबले पर जारी रहेगा बैन**

## खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी, एशिया कप में होगा भारत और पाक का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने कहा कि पहली बार लाई गई नयी नीति के तहत भारत और पाकिस्तान किसी भी द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिता में तटस्थ स्थान पर भी नहीं खेलेंगे, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने कई टीमों के एशिया कप में खेलने से नहीं रोका जाएगा। मंत्रालय ने भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नयी नीति का अनावरण किया जिसे ▸▸| शेष पेज 5 पर



### फिर भिड़ेंगे भारत-पाक?

एशिया कप में टीमें दो ग्रुप में रखी गई हैं। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई हैं। ग्रुप बी में अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और हांगकांग चीन है। इन दोनों ग्रुप में से 2-2 टीमें सुपर 4 में पहुंचेंगी। अगर ▸▸| शेष पेज 5 पर

### खिलाड़ियों के हित में फैसला

खेल मंत्रालय के अनुसार अंतरराष्ट्रीय और कई देशों के टूर्नामेंट में हम अपने खिलाड़ियों के हित में अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे। भारतीय टीमें और खिलाड़ी उन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में खेलेंगे जिनमें पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी हैं।




**विभाग बंटवारे में भी समीकरण का रखा गया ध्यान**

# मंत्रिमंडल विस्तार....सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय

*इंतजार खत्म हुआ और विष्णुदेव साय सरकार के दरबार का दिव्यता के साथ आकार बड़ा हो गया। तीन मंत्रियों ने शपथ ली और विभागों का बंटवारा भी हो गया। बदलाव सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नए मंत्रियों के चयन और विभागों के बंटवारे में सियासी चातुर्य और प्रशासनिक कौशलता देखने को मिली। अब 13 मंत्रियों की सजावट वाली इस विष्णु सेना पर 2028 की रण फतह करने की चुनौती होगी।*

*मंत्रिमंडल विस्तार के लिए जितना लंबा इंतजार करना पड़ा, उसके उलट विभागों के बंटवारे में उतनी ही तेज गति देखने को मिली। जाहिर है, सब कुछ तय था। नए मंत्रियों के चयन में क्षेत्रीय संतुलन, समाजिक तानाबाना और जातिगत रणनीति के साथ योग्यता का भी ध्यान रखा गया। क्षेत्रीय संतुलन इस लिहाज से कि सरगुजा, दुर्ग और रायपुर से एक एक नए चेहरे को अवसर दिया गया है। बस्तर को पहले ही साधा जा चुका है। यहां कद्दावर मंत्री केदार कश्यप के अलावा भाजपा अध्यक्ष किरणदेव की धमक है। फिर भी परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभाग देकर केदार कश्यप का कद और बढ़ाया गया है।*

*मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही अब राज्य में मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हो गए हैं। हालांकि चौदहवां मंत्री हरियाणा फार्मूले के आधार पर बना है, जहां 90 की विधानसभा में 14 मंत्री होते हैं। इस तरह राज्य में अब मंत्रिमंडल गठन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। दरअसल, नई सरकार के गठन के समय मंत्री का एक पद खाली रखा गया था। बाद में एक मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद दो पद खाली हो गए। एक मंत्री हरियाणा* ▸▸| शेष पेज 5 पर



हरिभूमि प्रसंगवश

### क्षेत्रीय संतुलन....

*मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही विभागों के बंटवारे को लेकर जो समीकरण बनाए गए हैं वह भी काफी दिलचस्प और दूरदर्शी हैं। दरअसल, अब से पहले तक आदिवासी विकास एवं अनुसूचित जाति विकास जैसे दोनों महत्वपूर्ण विभाग वरिष्ठ मंत्री व आदिवासी समुदाय से आने वाले नेता रामविचार नेताम के पास थे। लेकिन विस्तार की प्रक्रिया में अनुसूचित जाति विभाग नए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को दिया गया है। रणनीति ये है कि अनुसूचित जाति विकास संबंधी कार्य इसी समाज से आने वाले मंत्री के माध्यम से पूरी संवेदनशीलता के साथ हो सकें। गुरु खुशवंत को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग भी दिया गया है, यह विभाग पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पास था। विभाग बांटने की प्रक्रिया के एक और दूरदर्शी निर्णय के रूप में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को आबकारी विभाग दिया गया है। यह विभाग शुरु से मुख्यमंत्री श्री साय के पास था। यह माना जा रहा है कि श्री देवांगन ने उद्योग विभाग के मंत्री के रूप में नई उद्योग नीति बनाने और* ▸▸| शेष पेज 5 पर

# छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष




छत्तीसगढ़ राज्य इस वर्ष 2025 में अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। एक राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के बाद छत्तीसगढ़ में अपनी सतत विकास यात्रा शुरू की। विकास यात्रा के दौरान कई चुनौतियां भी आईं। राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद अब तेजी के साथ सामाजिक-आर्थिक विकास हो रहा है। राज्य में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है और लोगों के चेहरे पर समृद्धि और खुशहाली की झलक भी नजर आने लगी है। सरकार ने सामाजिक आर्थिक विकास के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए लोक कल्याण की ऐसी योजनाएं तैयार की हैं, जिनके प्रभाव से आने वाले समय में छत्तीसगढ़ देश के विकसित राज्यों में से एक होगा। पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने अनेक चुनौतियों के बावजूद सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाया है। राज्य ने औद्योगिक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में संतुलित विकास करते हुए देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। आगामी वर्षों में छत्तीसगढ़ को हरित विकास, डिजिटल नवाचार और सामाजिक समावेशन को प्राथमिकता देते हुए और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की जरूरत है। इसी गति और समर्पण के साथ छत्तीसगढ़ समृद्ध छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में स्थान सुनिश्चित करेगा।



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# बदला दौर, सुशासन के साथ नई उड़ान...
# अब चेहरों पर खुशहाली की झलक

छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवंबर 2000 को हुआ था, जब यह मध्यप्रदेश से अलग होकर एक नया राज्य बना। जनजातीय बहुल यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों, सांस्कृतिक विविधता और कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। अपने गठन के 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की एक लंबी और प्रेरणादायक यात्रा तय की है। यह यात्रा राज्य की आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में किए गए प्रयासों का सजीव प्रमाण है।



## पहले | अब

**सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति से आ रहा सकारात्मक सामाजिक-आर्थिक बदलाव**


### शिक्षा



**सन 2000**
- शिक्षा सूचकांक: 0.249
- प्राथमिक विद्यालयों की संख्या सीमित, ग्रामीण क्षेत्रों में कमी
- महिला साक्षरता 50% से कम
- उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या कम

**सन 2025**
- शिक्षा सूचकांक: 0.520
- 32 हजार 461 प्राइमरी स्कूल
- महिला साक्षरता 70% से अधिक
- 09 शासकीय और 17 निजी विवि, 15 मेडिकल कॉलेज।


### स्वास्थ्य



**सन 2000**
- स्वास्थ्य सूचकांक: 0.585
- शिशु मृत्यु दर: प्रति हजार जीवित जन्म पर 77
- मातृ मृत्यु दर 365 प्रति एक लाख जीवित जन्म पर
- ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचा कमजोर

**सन 2025**
- स्वास्थ्य सूचकांक: 0.672
- शिशु मृत्यु दर: प्रति हजार जीवित जन्म पर 38
- मातृ मृत्यु दर 137 प्रति एक लाख जीवित जन्म पर
- प्रदेश में 6235 स्वास्थ्य संस्थाएं

### उद्योग



**सन 2000**
- औद्योगिक योगदान राज्य की अर्थव्यवस्था में लगभग 30%
- प्रमुख रूप से खनन और इस्पात आधारित उद्योग
- सीमित निवेश व बड़े औद्योगिक क्षेत्र कम

**सन 2025**
- औद्योगिक योगदान: 42.4%
- इस्पात, सीमेंट, बिजली उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में
- बड़े औद्योगिक निवेश क्षेत्र का विस्तार और औद्योगिक पार्क स्थापित

### कृषि



**सन 2000**
- 13.28 लाख हेक्टेयर थी सिंचाई क्षमता
- सिंचाई के सीमित संसाधन, वर्षा पर निर्भरता ज्यादा, तकनीक की कमी
- धान उत्पादन अपेक्षाकृत कम
- धान खरीदी 17 लाख मीट्रिक टन
- राज्य में बैल और पारंपरिक औजार मुख्य थे

**सन 2025**
- 21.76 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता
- सिंचाई नेटवर्क और खरीदी केंद्रों समेत उत्पादन तकनीक को बढ़ावा
- धान उत्पादन में देश के शीर्ष राज्यों में
- धान खरीदी 14325 लाख मीट्रिक टन1
- अत्याधुनिक कृषि संसाधनों से काम

### रोजगार



**सन 2000**
- बेरोजगारी दर लगभग 6%
- महिला श्रम भागीदारी दर 30%
- स्वरोजगार योजनाएं सीमित
- छत्तीसगढ़ की ज़्यादातर आबादी सिर्फ खेती और पारंपरिक कामों पर निर्भर थी

**सन 2025**
- बेरोजगारी दर: 2.4%
- महिला श्रम भागीदारी दर: 59.8%
- महिला समूह योजनाओं से रोजगार में वृद्धि
- कृषि के साथ उद्योग, आईटी, पर्यटन, सेवा क्षेत्र व स्वरोजगार में भी रोजगार के अवसर

# 25 साल की विकास यात्रा



## कृषि और ग्रामीण विकास

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। कृषि इस राज्य की रीढ़ है और किसानों की स्थिति सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। बकाया धान बोनस भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि, 3100 प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, सौर सुजला योजना जैसी योजनाएं किसानों को समृद्धि की ओर ले जा रही हैं। इन योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ पहुंचा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। जल-संसाधनों के बेहतर उपयोग और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है।

## आर्थिक क्षेत्र में प्रगति

छत्तीसगढ़ ने बीते दो दशकों में आर्थिक मोर्चे पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। खनिज संसाधनों से समृद्ध यह राज्य देश की इस्पात, कोयला और बिजली उत्पादन में अग्रणी है। औद्योगिक विकास के क्षेत्र में विशेष रूप से भिलाई, कोरबा, रायगढ़ और जगदलपुर जैसे शहरों में तेजी से प्रगति हुई है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीति ने निवेशकों को आकर्षित किया है और रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। राज्य के बजट का आकार कई गुना बड़ा है जिससे अधोसंरचना और सामाजिक विकास में प्रगति आई है।



## शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार

राज्य सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। विद्यालयों के अधोसंरचना में सुधार, डिजिटल शिक्षा का विस्तार, पीएम श्री विद्यालय, छात्रवृत्ति योजनाएं और शालाओं का युक्तियुक्तकरण जैसे कदमों से शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में मजबूती आई है और शहरों से लेकर गांवों तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हुआ है। नए मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना से सुदूर इलाकों तक लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुनिश्चित हुई है।

## सामाजिक सशक्तीकरण

राज्य में महिला सशक्तीकरण, आदिवासी कल्याण, तथा बाल विकास के क्षेत्र में अनेक योजनाएं शुरू कीं गईं। महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए महतारी वंदन योजना चलाई जा रही है। इसके अलावा आत्मनिर्भरता के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत विभिन्न रोजगार मूलक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। श्रमिक परिवार के मेधावी बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। सखी वन स्टॉप सेंटर, सुपोषण अभियान, बिजली बिल हाफ योजना से समाज के सशक्तीकरण का रास्ता प्रशस्त हो रहा है।



## सड़क और बुनियादी ढांचे का विकास

छत्तीसगढ़ में सड़कों का जाल लगातार विस्तृत हो रहा है। गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राज्य सरकार की योजनाएं प्रभावी साबित हुई हैं। रेलवे, हवाई सेवा और नगरीय ढांचे में सुधार ने कनेक्टिविटी को नया आयाम दिया है। रायपुर का नया रेल कॉरिडोर, रायपुर-विशाखापट्टनम नई सड़क परियोजना, जगदलपुर हवाई सेवा और बिलासपुर स्मार्ट सिटी परियोजना इसके उदाहरण हैं।

बिलासपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 25, अंक : 149 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com



अत्याधुनिक उपकरण ट्रिपवायर फिलर, प्रोडर विथ नॉन मेटेलिक टिप, रेकर, ग्रेनल विथ रोप, इनटंनेचिंग टूल, मेग्नीफाई ग्लास, एक्सटेंशन सर्च मिरर से लैस टीम




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# नक्सलियों के सबसे घातक हथियार आईईडी की सप्लाई पर प्रहार, आठ माह में ढूंढ निकाले 700 से ज्यादा बम

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

बस्तर संभाग के सातों नक्सल प्रभावित जिलों में जवानों को टारगेट करने के लिए माओवादियों ने हजारों की संख्या में बम प्लांट कर रखा है, जो नक्सलियों का काफी घातक व कारगर हथियार माना जाता है। इस बड़ी चुनौती से निपटने के लिए नई तकनीक व रणनीति के साथ बीडीएएस की नौ सदस्यीय टीम को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है, जो सर्चिंग के दौरान आईईडी डिटेक्ट करते हैं और इसमें ट्रेंड डॉग ▶▶|शेष पेज 5 पर



### बड़े कैडरों के मारे जाने के बाद कठिन दौर से गुजर रहा नक्सल संगठन



वर्तमान परिस्थितियों में नक्सली सीधे तौर पर फोर्स का सामना करने की स्थिति में नहीं है। फोर्स को नुकसान पहुंचाने आईईडी पर निर्भर है, हम नई तकनीक व रणनीति के साथ नक्सलियों के आईईडी सप्लाई नेटवर्क को ध्वस्त करने अभियान चला रहे है। डी माइनिंग ऑपरेशनों के तहत पिछले 5 साल में 1857 से अधिक आईईडी बरामद किए गए है। -सुंदरराज पी., आईजी, बस्तर

### इस साल 738 आईईडी बरामद

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान के बाद फोर्स आक्रामक है और लगातार नक्सलियों के मांद में घुसकर ऑपरेशन चला रही है। यही वजह है कि पिछले एक वर्ष में ही करोड़ों के ईनामी सेण्ट्रल कमेटी मेंबर समेत अन्य कैडरों के सैकड़ों की संख्या में माओवादियों को ढेर किया जा चुका है। वर्ष 2025 में ही सर्वाधिक ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सबसे ज्यादा नुकसान सुकमा और नारायणपुर में

आईईडी ब्लास्ट से सर्वाधिक जवानों की शहादत व घायल होने की घटना बीजापुर व सुकमा व नारायणपुर जिले में हुई है। आकंड़ों की बात करें तो वर्ष 2020 से 18 अगस्त 2025 तक सुरक्षाबलों की सतर्कता से 1857 आईईडी बरामद कर डिफ्यूज किया जा चुका है। वहीं इन वर्षों ▶▶|शेष पेज 5 पर

### अत्याधुनिक उपकरणों के साथ करते हैं आईईडी डिटेक्ट

बस्तर के बीहड़ों में सर्चिंग व ऑपरेशन के दौरान जवानों द्वारा हजारों की संख्या में बम बरामद किया जा चुका है। इनमें कई नई तकनीक भी ईजाद हुई है। बीडीएएस (बम डिक्टेशन एण्ड डिस्पोजल स्कवॉड) की नौ सदस्यीय टीम के ▶▶|शेष पेज 5 पर

## लोकसभा स्थगित, बिना चर्चा पास हो गए 12 विधेयक

# आखिरी दिन भी हंगामा, 21 बैठकों में चर्चा होनी थी 120 घंटे, हुई सिर्फ 37 घंटे!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लगातार गतिरोध बना रहा। यह सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। वहीं राज्यसभा में 41 घंटे चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 15 बिल पास हुए। लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मानसून सत्र के दौरान कार्यवाही में गतिरोध बनाए रखने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा प्रकट करते हुए कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। इसी प्रकार राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने सत्र के ▶▶|शेष पेज 5 पर

## विपक्ष के हंगामे पर भड़के स्पीकर, कहा- नियोजित तरीके से व्यवधान

### दोनों सदनों में ये विधेयक पारित

सत्र के दौरान दोनों सदनों में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्समायोजन से संबंधित गोवा विधेयक 2025, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2025, मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025, मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक 2025 पारित किए गए। इनके अलावा आयकर विधेयक 2025, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025, खनिज और खनिज विकास ▶▶|शेष पेज 5 पर



### विपक्ष में भी कई प्रभावशाली वक्ता, पर राहुल की वजह से उनको नहीं मिलता मौका: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विपक्ष के कई नेता प्रतिभाशाली और अच्छे वक्ता हैं, लेकिन राहुल गांधी की वजह से उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता। पीएम ने अनौपचारिक तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी इसलिए व्यवधान करती है क्योंकि विपक्ष में भी कुछ ऐसे नेता हैं जो राहुल गांधी से बेहतर बोलते हैं और वो ऐसा नहीं चाहते। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा

सत्र के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में दोनों सदनों में विशेष चर्चा हुई। चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। लोकसभा में इस चर्चा में 73 सदस्यों और राज्यसभा में 65 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र के पहले ही दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंप दिया था, जिसे बाद में स्वीकार कर लिया गया।

### समिति के पास भेजने किया प्रस्ताव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2025' को संसद की संयुक्त समिति को विचार के लिए भेजने का प्रस्ताव किया। उन्होंने यह भी प्रस्ताव किया कि संयुक्त समिति में उच्च सदन के उपसभापति 10 सदस्यों को नामित करें।

### इस विषय पर अड़ा था विपक्ष

कांग्रेस सहित विपक्ष इस बात पर अड़ा हुआ था कि नियत काम को स्थगित कर नियम 267 के तहत एसआईआर मुद्दे पर सदन में चर्चा करायी जानी चाहिए। आसन की तरफ से कहा गया कि यह मामला न्यायालय में है, विषय पर चर्चा नहीं करायी जा सकती।

# रूल से मारकर बच्ची का पैर फ्रैक्चर करने वाला प्रधान पाठक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शंकरगढ़

मामूली सी बात पर छात्रा को रूल से मारकर पैर फ्रैक्चर करने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बीईओ की शिकायत के बाद जांच व कक्षा में बच्चों के बयान के आधार पर यह कार्रवाई की है। प्रधान पाठक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि कंजिया प्राथमिक शाला में पढ़ने वाली कक्षा 2री की छात्रा जगिमा-पटना निवासी ललिता यादव आ. शिव कुमार यादव को स्कूल के प्रधान पाठक हीरालेआस टोप्पो ने मामूली सी विवाद पर लकड़ी के रूल से पैर में मार दिया था। इस घटना के बाद बच्ची की तबियत बिगड़ गई और उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची के पैर में फ्रैक्चर आ गया था। बच्ची के साथ मारपीट की इस घटना की जानकारी सामने आने पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद डीईओ डीएन मिश्रा ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे। डीईओ के निर्देश पर बीईओ जय गोविन्द तिवारी ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ जांच के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

### आरोपी प्रधान पाठक पर कार्रवाई

बेरहमी से की गई इस पिटाई से ही बच्ची का पैर फ्रैक्चर हुआ। ऐसे में पुलिस ने आरोपी प्रधान पाठक कंजिया नवापारा निवासी 55 वर्षीय हीरालेआस टोप्पो आ. अल्बर्ट टोप्पो को बीएनएस की धारा 115 (2) एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75, 82 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी शंकरगढ़ जितेन्द्र जायसवाल ने बताया कि प्रधान पाठक को गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध उत्खनन मामले में खनिज विभाग सचिव ने कोर्ट में पेश किया हलफनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट में सक्ती जिले के ग्राम नंदेली में शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध पत्थर उत्खनन के मामले में जनहित याचिका पर गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस विभूदत्त गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस मामले में हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में खनिज विभाग के सचिव ने व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर जवाब पेश किया है, जिसमें इस क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाए जाने की जानकारी दी गई है। इस सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता योगेश चन्द्रा ने अवैध खनन से बने गढ्ढे को पाटे जाने की जानकारी दी और ये कहा कि कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिस पर कोर्ट ने कहा कोई अप्रिय घटना न हो, इसलिए गढ्ढे को पाटा जाना चाहिए। इस पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए। इस मामले में निर्देश देते हुए अगली सुनवाई तक निगरानी रखे जाने का आदेश दिया। बता दें कि याचिकाकर्ता खोलबहारा केंवट ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से पूर्व में याचिका दायर की थी, इसमें बताया था कि नंदेली तहसील जैजैपुर जिला सक्ती के खसरा नंबर 16 में पत्थर का अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसील और जिला प्रशासन स्तर पर भी की थी, ▶▶|शेष पेज 5 पर

## असम के सीएम का ऐलान

# वयस्क व्यक्ति पहली बार नहीं बनवा पाएंगे आधार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से रोकने के लिए एहतियाती उपाय के तहत, 18 वर्ष से अधिक की आयु के व्यक्ति राज्य में पहली बार आधार कार्ड नहीं बनवा पाएंगे। 18 साल से अधिक की आयु के व्यक्तियों को आधार कार्ड का आवेदन करने के लिए केवल एक महीने का समय दिया जाएगा, बशर्ते कि अभी तक आधार कार्ड नहीं बनवाया हो। चाय बागानों में रहने वाले आदिवासी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को अगले एक साल तक आधार कार्ड जारी किये जाएंगे।




### इसलिए लिया गया फैसला

शर्मा ने कहा, आधार कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को नागरिकों की पहचान की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के प्रयासों का हिस्सा माना जा रहा है। यह कदम बांग्लादेश से संभावित घुसपैठ से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया गया।


# हाईवे पर बह रहा बाढ़ का पानी, 24 घंटे से महाराष्ट्र, तेलंगाना मार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

हरिभूमि फॉलोअप

पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश से क्षेत्र में बाढ़ के हालात हैं। गोदावरी और इंद्रावती नदी के उफान पर आने से छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र और तेलंगाना के बीच का सड़क संपर्क पूरी तरह से बाधित हो गया है। भोपालपटनम हैदराबाद ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ गोदावरी, इंद्रावती उफान पर



### इंद्रावती का जलस्तर घटने लगा

बीजापुर जिले के तिमेड़ इलाके में इंद्रावती नदी का जलस्तर धीरे-धीरे घटने लगा है। इससे नदी किनारे के गांव के लोगों में राहत की स्थिति है।

### सिरोंचा में अलर्ट 53 गांव खतरे में

महाराष्ट्र के सिरोंचा तहसील में प्रशासन ने अलर्ट घोषित कर दिया है। गोदावरी के किनारे बसे 53 गांवों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। गांवों में मुनादी कर लोगों को निचले इलाकों से हटने की अपील की जा रही है। स्वास्थ्य दल और राहत टीम को तैयार रखा ▶▶|शेष पेज 5 पर

## हमले के बाद बदलाव

# सीएम रेखा को जेड प्लस सुरक्षा हटाए गए दिल्ली कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के बाद केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा को बढ़ा दिया है। सूत्रों के अनुसार, सीएम रेखा गुप्ता को जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा में अब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तैनाती की गई है। अब तक उनके सुरक्षा बेड़े में दिल्ली पुलिस के जवान तैनात थे। हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने तुरंत हरकत में आते हुए सीएम की सुरक्षा को बढ़ाने का फैसला किया।



### आरोपी 5 दिन की पुलिस रिमांड पर

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता हमले के आरोपी को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

### गोलचा होंगे नए पुलिस कमिश्नर

दिल्ली पुलिस को नया कमिश्नर मिल गया है। सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अब तक पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे शशि भूषण कुमार सिंह को इस पद से हटा दिया गया है।




## चिंतन

# धनखड़ के इस्तीफे व वोट चोरी के शोर में बीता सत्र

विस्तारित अवधि के साथ संसद के मानसून सत्र का अनिश्चितकाल के लिए अवसान हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 15 विधेयक पारित हुए। सबसे महत्वपूर्ण गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करने वाला विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो गया। सत्र की यह बड़ी उपलब्धि रही। 21 जुलाई से शुरू मानसून सत्र के करीब एक माह की अवधि 21 अगस्त तक में अधिकतर समय विपक्ष का हंगामा ही जारी रहा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर और बाद में एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग के चलते व्यवधान उत्पन्न होते रहे। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में चर्चा हुई, पर विपक्ष सरकार के जवाब से नाखुश ही रहा। राज्यसभा में हंगामे की वजह से एक बार भी शून्यकाल और प्रश्नकाल सामान्य तरीके से नहीं हो पाया। लोकसभा में पास विधेयकों में मर्चेंट शिपिंग विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, आयकर विधेयक, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक अहम हैं। एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग के चलते लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही, वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। विपक्ष सहयोग देता तो मानसून सत्र अधिक उत्पादक होता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। विपक्ष ने विधेयकों का तीखा प्रतिकार किया है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया। सरकार ने इन तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया, जिसे दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी। मानसून सत्र इस बात के लिए हमेशा याद रखा जाएगा कि पहले ही दिन 21 जुलाई को देर शाम में राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कारण स्वास्थ्य बताया गया, पर यह किसी को पचा नहीं। भारत के संसद सत्रीय इतिहास में ऐसा पहली बार था कि सभापति ने अचानक चौंकाते हुए सत्र के पहले दिन ही पद छोड़ दिया हो। इस सत्र में एक भी दिन किसी सदन में गैर सरकारी कामकाज नहीं हुआ। कायदे से देखा जाए तो वोट चोरी के आरोप लगाने वाले विपक्ष के असहयोग के बावजूद सरकार अपने महत्वपूर्ण विधेयक पास करा ले गई। अतीत में भी संसद के अनेक सत्र हंगामे में स्वाहा हुए हैं, यह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। विपक्ष अपना दायित्व समझे और सरकार लचीला रुख अपनाए, जिससे सत्र की उत्पादकता बढ़ पाए।

## विमर्श

प्रवीण दत्त शर्मा



# समाज के लिए खतरा है ऑनलाइन गेम की लत

यह एक स्वागतयोग्य समाचार है कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग पर लगाम कसने को तत्पर हो गयी है। ऑनलाइन गेमिंग को रेग्युलेट करने सम्बन्धी बिल लोकसभा और राज्य सभा से पास हो गया है। इसका मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ऑनलाइन गेमिंग कम्युनिटी का दूसरा सबसे बड़ा देश हो गया है। पहले नंबर पर चीन है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, भारत में हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं । इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संकट बन चुकी है। इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 30 प्रतिशत वार्षिक की तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह स्थिति तब है जब भारत में गेमिंग पर 28 फीसदी का जीएसटी लगता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 में फैंटेसी स्पोर्ट्स खेलने वालों की गिनती 20 लाख थी। 2022 में यह संख्या 22 करोड़ पहुंच गयी। इस सेक्टर के फलने-फूलने का एक कारण इस बारे में अब तक कोई स्पष्ट कानून का न होना भी है। साल 1867 का पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट कहता है सार्वजनिक स्थानों पर ऑनलाइन गेम प्रतिबंधित है। हालांकि भारत में ही कुछ राज्य हैं जहां ऑनलाइन गेंमिग अपराध नहीं है। सिक्किम गोवा, और दमन जैसे स्टेट्स में इसे कानूनी मान्यता है क्योंकि संविधान ये कहता है कि गेंमिग कई मामलों में राज्य का विषय है। इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के कुछ देशों में सट्टेबाजी लीगल है। साल 1966 में सुप्रीम कोर्ट ने रमी और घुड़दौड़ में भी सट्टेबाजी को लीगल करार दिया लेकिन क्रिकेट में सट्टेबाजी गैर-कानूनी है। दरअसल हर किसी का सपना अमीर और सम्पन्न बनने का होता है। कई युवा तो बिना कुछ किए-धरे, दिन रात अमीर बनने के ख्वाब देखते रहते हैं। ऑनलाइन जुए के वे लुभावने विज्ञापन, जिनमें बड़े-बड़े खिलाड़ी व फिल्म अभिनेता लोगों को ऑनलाइन गेम या सट्टा खेलने को प्रेरित करते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों की सत्यता का कोई प्रमाण नहीं होता। बस विज्ञापन के नीचे एक चेतावनी कि 'इसको खेलने में जोखिम है, अतः सावधानी से खेलें' लिखकर विज्ञापन कंपनियां अपने कर्तव्य की पूर्ति कर लेती हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी जुए के दुष्परिणामों से वाकिफ थे। इसलिए 26 मई 1921 को मुंबई में उन्होंने कहा था, 'घुड़दौड़ों में दांव लगाना और सट्टा खेलना भी शराबखोरी और वेश्यागमन जैसा ही बुरा काम है। इसके लिए एक प्रबल आंदोलन की जरूरत है"। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने की निर्णय लेकर समाज को इस नए दौर के जुए से बचाने का प्रयास किया है। अब राष्ट्रीय स्तर की एक ऑनलाइन गेमिंग अर्थॉरिटी बनाने जा रही है। किसी मौजूदा अर्थॉरिटी या एजेंसी को भी यह भूमिका दी जा सकती है। इसका काम ऑनलाइन गेम्स को कैटिगरी में बांटना और रजिस्ट्रेशन करना होगा। यही अर्थॉरिटी तय करेगी कि कोई गेम मनी गेम की श्रेणी में आएगा या नहीं। ऑनलाइन गेम्स से जुड़ी शिकायतों को भी यही निकाय देखेगा। नियमों का सही से पालन हो, इसके लिए गाइडलाइंस, आदेश, प्रैक्टिस कोड जारी करने का जिम्मा भी इसी अर्थॉरिटी का होगा। इस विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित उल्लंघन के लिए बार-बार अपराध करने पर कठोर कारावास (3-5 साल) के साथ-साथ जुर्माना भी हो सकता है। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग केवल खेल नहीं रहा, यह आज के दौर का जुआ है। इसकी लत ने हजारों युवाओं का भविष्य और परिवारों की शांति छीन ली है। सरकार का यह कड़ा क़दम समय की मांग है। लेकिन केवल कानून ही काफी नहीं होगा, जरूरत है सामाजिक चेतना, माता-पिता की सतर्कता और युवाओं की आत्मसंयम की। सरकार और समाज मिलकर ही इस बुराई से युवा पीढ़ी को बचा पाएंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## सेहत

डा. मोनिका हीरा

एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

# एंटी एजिंग दवाओं की सनक से रहें दूर

प्रकृति के नियम के साथ जीवन जीएं, यह सबसे अधिक आनंदपूर्ण है। ग्लैमर इंडस्ट्री में युवतियों पर जवां दिखने का दबाव है, इसके लिए वे एंटी एजिंग दवाओं जैसा रासायनिक तरीका अपनाती हैं, जो शॉर्टकट है, हानिकारक है, कुछेक केस में जानलेवा है। प्राकृतिक जीवनशैली से भी लंबे समय तक जवां रहा जा सकता है और यह तरीका सुरक्षित भी है। महज़ 42 साल की उम्र में अभिनेत्री शेफ़ाली जरीवाला की अचानक मौत ने एंटी एजिंग को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। हालांकि शेफ़ाली की मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इस केस की जांच में जुटे कुछ पुलिस अधिकारियों ने ये कहा है कि शेफ़ाली एंटी-एजिंग टैबलेट्स समेत कई दवाइयां ले रही थीं।

संभवतः ये दवाइयां ख़ाली पेट लेने की वजह से उनका ब्लड प्रेशर अचानक गिर गया और फिर उन्हें संभाला नहीं जा सका। एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। दरअसल, जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, उसके साथ ही चेहरे पर महीन रेखाएं, झुर्रियां भी दिखने लगती हैं, चेहरे की त्वचा भी धीरे-धीरे लटकने लगती है। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। आजकल क्रीम, सीरम के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी, इंजेक्टेबल फ़िलर्स, बोटॉक्स वग़ैरह एंटी एजिंग उपायों का चलन बढ़ा है। एंटी एजिंग उपचार कुछ दवाओं और ऐसे कंपाउंड्स के कॉम्बिनेशन से होता है जो बढ़ती उम्र के असर को धीमा करने में मदद करते हैं। इन सबमें ज़्यादा प्रचलित बोटॉक्स है जो एक ऐसा पावरफुल इंजेक्शन है, जो कि हमारी मांसपेशियों को बहुत ही छोटे हिस्से में रिलैक्स करता है। 20 साल से भी अधिक समय पहले यूएस फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में इसके इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। बोटॉक्स के जोखिमों पर अप्रैल 2024 में तब चर्चा तेज़ हुई, जब यूएस सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक चेतावनी जारी करते हुए ये कहा कि 25 से 59 साल की 22 महिलाओं में बोटॉक्स के हानिकारक रिएक्शंस देखे गए हैं।

डर्मल फ़िलर्स इंजेक्शन होते हैं जो स्किन के अंदर दिए जाते हैं। ये उसी पदार्थ से बनते हैं, जिससे हमारी त्वचा की कोशिकाएं बनी होती हैं। स्किन में उम्र के साथ कोलेजन कम होने लगता है, मगर फ़िलर्स की मदद से कोलेजन वापस डाला जाता है और चेहरा जवान लगने लगता है। एंटी एजिंग के लिए कई लोग ग्लूटाथियोन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करते हैं। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो हमारे शरीर की कोशिकाओं को होने वाले डैमेज को रोकने में काम आते हैं। ग्लूटाथियोन अक्सर इंट्रावेनस इंजेक्शन और टैबलेट्स के ज़रिए लिया जाता है। ग्लूटाथियोन हमारे शरीर में पहले से ही मौजूद होता है, लेकिन उम्र के साथ-साथ शरीर ग्लूटाथियोन बनाना कम कर देता है। इसलिए इसे बाहर



से लिया जाता है। मगर इसके साइड इफ़ेक्ट्स भी हैं। ये एफ़डीए अप्रूव्ड नहीं हैं। यूएस एफ़डीए ने ग्लूटाथियोन को इसलिए अप्रूव नहीं किया, क्योंकि देखा गया कि इससे कुछ मरीज़ों को एनाफाइलैक्सिस हो सकता है, इंजेक्टेबल दवाओं से स्टीवन जॉनसन जैसी बीमारियां हो सकती हैं, जो लोग स्किन लाइटनिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, उन पर इसका असर तब तक ही होता है जब तक वो इसे ले रहे हैं। इसका असर, हमेशा नहीं रहता।

एंटी एजिंग दवाओं के चलते हार्मोन डिस्टर्ब, पैरालिसिस, स्किन कैंसर आदि साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स में रेटिनॉल, एएचए, बीएचए, सैलिसिलिक एसिड और पर्फ्यूम्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो ज्यादा इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा की प्राकृतिक परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वचा पतली और सेंसिटिव हो जाती है। जब स्किन की प्राकृतिक नमी खो जाती है, तो वह जलन, खुजली और सूखापन जैसी समस्याओं से जूझने लगती है। कुछ एंटी-एजिंग क्रीम्स और सीरम्स में पैराबेन्स, फाइटोएस्ट्रोजन और अन्य हार्मोन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो स्किन के जरिए शरीर में प्रवेश करके हार्मोनल गड़बड़ी का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, मूड स्विंग्स और थायरॉइड असंतुलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। रेटिनॉल और हाइड्रोक्विनोन जैसे तत्व त्वचा को सनलाइट के प्रति ज्यादा सेंसिटिव बना देते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जवां दिखने के लिए, त्वचा में निखार लाने के लिए व गोरापन पाने के लिए क्या एंटी एजिंग दवाएं ही विकल्प हैं? तो जवाब है कि प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

ब्रोकली, पालक, केला में सल्फर की अच्छी मात्रा पाई जाती है जसिसे ग्लूटाथियोन की मात्रा, शरीर में बढ़ती है। विटामिन-सी रचि फ्रूट्स जैसे आंवला या संतरा और नींबू पानी का सेवन करने से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ती है। इसी तरह एवोकाडो, अखरोट और बादाम वगैरह का सेवन करने से शरीर को डटॉक्स करने में मदद मलिती है। ग्रीन टी और हल्दी का दूध पीने से शरीर को एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मलिते हैं। बेरीज फ्री रेडकिल्स की मात्रा को कम करके त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। पानी सबसे बड़ा डटॉक्स एलिमेंट है। वटिामनि-सी, ई, जकिं और सेलेनयिम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स फलों व सब्जियों से ग्रहण करें। एलोवेरा जेल, गुलाब जल, शहद और नारियल तेल का मिश्रण सबसे असरदार घरेलू एंटी-एजिंग उपाय है। ये त्वचा को पोषण, नमी और नेचुरल ग्लो देता है। डाइट में मूंगफली, अखरोट, ब्लूबेरी, गाजर, चुकंदर, टमाटर, आंवला और सिट्रस फ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। ताजा फल, सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और बीजों को डाइट में शामिल करें। सफेद नमक और चीनी से बचें। जंक व पैक्ड फूड व पेय, तली चीजें, व ट्रांस फैट्स से बचें। नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल या शुद्ध घी में किसी का सेवन करें। स्किन को हेल्दी रखने के लिए फेशियल योग या हल्की मसाज करना फायदेमंद होता है। रोजाना कम से कम एक घंटा योग या व्यायाम करें और साइकिलिंग या तैराकी जैसी एक्टिविटीज अपनाएं। मेडिटेशन करें। अच्छी नींद लें। फिर आपको किसी एंटी एजिंग दवाओं की जरूरत नहीं होगी।

( लेखिका प्राकृतिक चिकित्सक व आहार विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है




संकलित

## दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# चंद्रदेव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित

## प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाश का दूसरा नाम है नशा

26 जून, सन 1987 को दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है।

*- मनीष सिसोदिया, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा चीन

चीन के सरकारी अधिकारियों ने पिछले महीने तिब्बती पठार के ऊंचाई वाले इलाके में एक स्थान दिखाया और दावा किया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर फार्म होगा। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्रफल 610 किलोमीटर होगा, जो अमेरिका के शिकागो शहर के बराबर है। चीन दुनिया के किसी भी अन्य स्थान की तुलना में बहुत तेजी से सौर पैनल स्थापित कर रहा है और उसे इस क्षेत्र में निवेश करने का लाभ भी मिलना शुरू हो गया है।



बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन में बताया गया है कि देश का कार्बन उत्सर्जन एक साल पहले की तुलना में, इस वर्ष के पहले छह महीनों में एक प्रतिशत कम हो गया। अध्ययन में कहा गया है कि मार्च 2024 में कार्बन उत्सर्जन में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ था, जो जारी है। लेकिन दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक चीन को वैश्विक जलवायु परिवर्तन को धीमा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए कार्बन उत्सर्जन में और भी तेजी से कमी लाने की आवश्यकता होगी। फिनलैंड में रहने वालीं अध्ययन की लेखिका तथा ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र की प्रमुख विश्लेषक लॉरी माइलीविर्ता ने कहा कि चीन को 2060 तक कार्बन तटस्थता के अपने घोषित लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अगले 35 वर्षों में उत्सर्जन में औसतन तीन प्रतिशत की गिरावट की आवश्यकता होगी।

## ऑफ बीट

# मालिक पुरानी टर्बाइन को खत्म करने से बच रहे

यूरोप में पवन-फार्म मालिक अपनी पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे हैं ताकि वे उनसे अधिकतम बिजली पैदा कर सकें। पवन टर्बाइनों को 25 वर्षों



तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बिजली की कीमतों में वृद्धि के चलते मालिकों की गणना में बदलाव आया है। उद्योग प्रतिनिधि विंड यूरोप के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की तुलना में केवल 454 मेगावाट (एमडब्ल्यू) पुराने टर्बाइनों को बंद किया गया था। यह 1,000 से अधिक टर्बाइनों के बराबर है जिनका जीवन यूरोप में बढ़ा दिया गया है। वास्तव में, यह स्पष्ट रूप से लगातार तीसरा वर्ष है जिसमें पवन टर्बाइनों के डिकमीशनिंग को कम किया गया है। इस बीच, वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद ने बताया है कि उत्तर अमेरिकी टर्बाइन डीकमीशनिंग साल दर साल 668एमडब्ल्यू से घटकर 276एमडब्ल्यू हो गई है। यह उस समस्या को हल करने के लिए थोड़ी और अधिक गुंजाइश बनाता है जिसने कुछ समय से रीसाइक्लिंग विशेषज्ञों को परेशान कर रखा है। जबकि अधिकांश पवन टर्बाइन को दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, उसके ब्लेड को नहीं। वे अधिकतर ग्लास फाइबर या कार्बन-फाइबर प्रबलित प्लास्टिक से बने होते हैं।

## ट्रेंड

### कांग्रेस गैरजिम्मेदार



130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष और उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस का रवैया न सिर्फ गैरजिम्मेदाराना है। सदन में बिल को फाड़कर फेंकना दर्शाता है कि ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी संवैधानिक परंपरा का अपमान कर सकते हैं।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### स्वदेशी सामान खरीदें



जो चीज़ें भारत में बनती है, वही खरीदें, इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम सेल्फ हेल्प ग्रुप का बना सामान खरीदें, इससे हमारी बहनों-बेटियों को रोजगार भी मिलेगा और हमारा पैसा हमारे ही लोगों के पास रहेगा। भारत से बड़ा बाजार दुनिया में कहीं नहीं है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### पुनर्विचार करे सरकार



130वाँ संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनीतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में ज़रूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हमला निंदनीय



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## अमेरिकी दूतावास ने अपने ही राष्ट्रपति के दावे का किया खंडन

# ट्रंप ने झूठ बोला! भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने यूएसआईडी ने नहीं की फंडिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी दूतावास ने अपने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का सख्ती से खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए अमेरिकी सहायता एजेंसी (यूएसआईडी) ने 21 मिलियन डॉलर (लगभग 175 करोड़ रुपये) का फंड आवंटित किया था। दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने भारत के विदेश मंत्रालय को स्पष्ट किया कि वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक यूएसआईडी/इंडिया ने भारत में मतदाता भागीदारी से संबंधित कोई फंडिंग प्राप्त नहीं की और न ही ऐसी किसी गतिविधि को लागू किया गया। यह बयान ट्रंप के दावे के ठीक विपरीत है, जिसने भारत में राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी थी।




### अमेरिकी दूतावास का स्पष्टीकरण

भारतीय संसद में 2 जुलाई को पेश दस्तावेजों में ट्रंप के दावों पर बड़ा खुलासा हुआ। अमेरिकी दूतावास ने 2014 से 2024 तक भारत में यूएसएआईडी फंडिंग को कवर करने वाले डेटा को शेयर किया है, दूतावास ने भारत के विदेश मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग को सूचित किया कि 'यूएसएआईडी/इंडिया ने 2014 से 2024 के बीच भारत में मतदाता टर्नआउट के लिए न तो 21 मिलियन डॉलर की कोई राशि प्राप्त की और न ही इस संबंध में कोई गतिविधि चलाई है।' इसके अलावा, दूतावास ने 2022, 2023 और 2024 के लिए यूएसआईडी के फंड आवंटन का लाभार्थी-वार विवरण भी उपलब्ध कराया, जैसा कि भारत सरकार ने मांगा था।

### ट्रंप का दावा और विवाद की जड़

ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में कई मौकों पर आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन ने यूएसएआईडी के जरिए भारत में मतदाता टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर आवंटित किए। उनका कहना था कि यह धन चुनावों को प्रभावित करने की मंशा से दिया गया।

### राजनीतिक विवाद

*ट्रंप के दावे ने भारत में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच तीखी राजनीतिक बहस को जन्म दिया। भाजपा ने दावा किया कि यह फंड भारत के चुनावी प्रक्रिया में 'बाहरी हस्तक्षेप' का सबूत है और इसके पीछे कांग्रेस की मिलीभगत हो सकती है। वहीं, कांग्रेस ने इन आरोपों को 'निराधार' करार देते हुए भाजपा पर पलटवार किया।*

### भारत सरकार की प्रतिक्रिया

*भारत के विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के दावों को 'बेहद परेशान करने वाला' करार दिया और कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी देखी है। यह स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाली है। यह भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंता को बढ़ाता है।' अब अमेरिकी दूतावास के स्पष्ट खंडन के बाद यह साफ हो गया है कि भारत में मतदाता टर्नआउट के लिए किसी प्रकार का अमेरिकी फंड नहीं दिया गया था।*

# भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती : निक्की

### ट्रंप प्रशासन को दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने ट्रंप प्रशासन को चेतावनी दी है कि भारत-अमेरिका संबंध एक नाजुक मोड़ पर हैं टूटने की कगार पर हैं।



यदि वाशिंगटन को चीन की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को नियंत्रित करना है तो इन संबंधों को जल्द से जल्द सुधारना होगा। हेली ने बुधवार को न्यूजवीक में प्रकाशित एक लेख में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को रूसी तेल के मुद्दे और टैरिफ विवाद को दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियों के बीच दरार पैदा करने की अनुमित नहीं देनी चाहिए।

उन्होंने लिखा, 'संयुक्त राज्य अमेरिका को अपनी सबसे महत्वपूर्ण बात को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। चीन का सामना करने के लिए, अमेरिका को भारत जैसे एक दोस्त की जरूरत है।'

### रूस के तेल पर भारत-अमेरिका में तनाव

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल ख़रीद जारी रखने के लिए नई दिल्ली पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के बाद तनाव बढ़ गया है। ये कदम महीनों तक चले तनाव के बाद उठाया गया, जिसमें भारत-पाकिस्तान सीजफायर वार्ता में अमेरिका की भूमिका पर दावे भी शामिल थे। हेली ने ट्रंप के दबाव अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि भारत की ऊर्जा खरीद 'यूक्रेन के खिलाफ व्लादिमीर पुतिन के क्रूर युद्ध को वित्तपोषित करने में मदद कर रही है'। हालांकि, उन्होंने भारत के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार करने के खिलाफ चेताया है। उन्होंने कहा, 'एशिया में चीनी प्रभुत्व के खिलाफ एकमात्र देश के साथ 25 वर्षों की प्रगति को नष्ट करना एक रणनीतिक आपदा होगी।' उन्होंने तर्क दिया कि वाशिंगटन के आर्थिक और सुरक्षा लक्ष्यों के लिए भारत जरूरी है, जहां अमेरिका अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन से दूर ले जाना चाहता है, वहीं भारत कपड़ा, फ़ोन और सौर पैनल जैसे उद्योगों के लिए 'चीन जैसे पैमाने पर' विनिर्माण क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने भारत के अमेरिका और इज़रायल जैसे सहयोगियों के साथ बढ़ते रक्षा संबंधों को भी रेखांकित किया, जिसे उन्होंने मुक्त विश्व की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण संपत्ति बताया।

### चीन के प्रभाव को कम करेगा भारत

हेली ने कहा कि लंबे वक्त से भारत का उदय चीन के आर्थिक उभार के बाद से सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक विकास हो सकता है। उन्होंने कहा, 'सरल शब्दों में, जैसे-जैसे भारत की शक्ति बढ़ेगी, वैसे-वैसे चीन की महत्वाकांक्षाओं कम हो जाएंगी।' दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत की अपील की, ताकि इस 'नीचे की ओर जा रही गतिरोध' को समाप्त किया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो बीजिंग इस दरार का फायदा उठाएगा। एक व्यापारिक विवाद को स्थायी टूट में बदलना एक बहुत बड़ी और टाली जा सकने वाली गलती होगी। इसके अलावा हेली ने 1982 में व्हाइट हाउस में रोनाल्ड रीगन के इंदिरा गांधी को कहे गए शब्दों को दोहराते हुए निष्कर्ष निकालाः भले ही वाशिंगटन और नई दिल्ली कभी-कभी अलग-अलग रास्तों पर चलें, लेकिन उनकी मंजिल एक ही होनी चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- अलग रहना है तो शादी न करें

# पति, पत्नी एक दूजे के लिए ही, नहीं तो शादी क्यों की?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि विवाह के रिश्ते में पति या पत्नी यह नहीं कह सकते कि वे पूरी तरह स्वतंत्र होकर जीना चाहते हैं। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शादी का मतलब ही दो आत्माओं और दो व्यक्तियों का साथ आना है। अगर कोई व्यक्ति स्वतंत्र रहना चाहता है तो उसे विवाह नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें एक दंपत्ति के बीच विवाद है और उनके दो नाबालिग बच्चे भी हैं। बेंच ने कहा कि विवाह में पति-पत्नी का एक-दूसरे पर भावनात्मक और सामाजिक रूप से निर्भर रहना स्वाभाविक है। अदालत ने कहा कि कोई भी पति या पत्नी यह नहीं कह सकते कि मैं अपने जीवनसाथी पर निर्भर नहीं होना चाहता। यह असंभव है। शादी का अर्थ ही आपसी सहयोग और साथ है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि छोटे बच्चों को टूटे हुए परिवार का बोझ क्यों झेलना पड़े। अदालत ने कहा कि अगर पति-पत्नी साथ आते हैं तो बच्चों के लिए यह सबसे अच्छा होगा। अदालत ने दोनों पक्षों से आपसी मतभेद दूर करने और बातचीत से हल निकालने की अपील की।



### पति सिंगापुर में, पत्नी हैदराबाद में

पत्नी ने आरोप लगाया कि सिंगापुर में पति के व्यवहार के कारण उसके लिए वापस वहां लौटना मुश्किल है। उसने बताया कि वह बिना किसी आर्थिक मदद के बच्चों की परवरिश कर रही है। वहीं पति की ओर से कहा गया कि दोनों के पास सिंगापुर में अच्छी नौकरियां थीं लेकिन पत्नी बच्चों के साथ वापस जाने से इनकार कर रही है। अदालत ने पति को निर्देश दिया कि वह पत्नी और बच्चों के लिए पांच लाख रुपये जमा करे।

### कोर्ट का भावुक संदेश

सुनवाई के दौरान पत्नी ने कहा कि वह किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहती। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि आप यह नहीं कह सकतीं कि आप किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहतीं। अगर ऐसा है तो शादी क्यों की? पत्नी अपने पति पर भावनात्मक रूप से हमेशा निर्भर रहेगी।

### 574 ड्रोंस, 40 मिसाइलों का अटैक

# यूक्रेन पर रूस ने किया सबसे बड़ा हमला

**कीव।** यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं। बीते हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी। ट्रंप ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरोपीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं।

### जेलेंस्की बोले- करेंगे मंथन

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी। इस चर्चा में यूरोपीय देश के नेताओं के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन भी रहेगा। यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का जिम्मा ट्रंप प्रशासन की तरफ से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को सौंपा गया है।

### रूसी हमले बढ़े, खतरे में हैं नागरिक

रूस अब लगातार शाहिद ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और ग्लाइड बमों का उपयोग कर यूक्रेनी शहरों पर हमला कर रहा है। इससे यूक्रेन की एयर डिफेंस व्यवस्था पर भारी दबाव है। हाल ही में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन में अब कहीं भी शांति नहीं है। पिछले कुछ वक्त से राजधानी कीव और अन्य क्षेत्रों पर ड्रोन हमले तेज हुए हैं।

### उत्तराखंड में मौसम का कहर!

# भूस्खलन से बंद हुए यमुनोत्री गंगोत्री हाईवे



**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश का कहर अब भी जारी है। उत्तरकाशी में भारी बारिश के कारण गंगोत्री हाईवे और यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है। उत्तरकाशी पुलिस ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थान और सोनागाड़ के पास बंद हुआ है, जबकि यमुनोत्री हाईवे कुथनौर और नारदचट्टी के पास बंद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यहां ट्रैफिक को बहाल करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ये दोनों ही राजमार्ग भूस्खलन के कारण बंद हुए हैं। इस मामले की जानकारी देते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। धामी ने लिखा कि डबराणी में गंगोत्री राजमार्ग पर पहाड़ का मलबा गिरने की वजह से दो लोगों की मौत का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। धामी ने लिखा कि मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें।

### उत्तराखंड : थप्पड़ मारने से नाराज था छात्र

# लंच बॉक्स में छुपाकर लाया तमंचा, टीचर को मारी गोली

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा के छात्र ने अपने शिक्षक को तमंचे से गोली मार दी। बताया जा रहा है कि शिक्षक ने पहले छात्र को थप्पड़ मारा था। इसके बाद छात्र गुस्से में अपने लंच बॉक्स में तमंचा छुपाकर स्कूल आया। गोली शिक्षक के दाहिने कंधे के नीचे लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद पूरे जिले के शिक्षकों में गुस्सा है। उत्तराखंड के सीबीएसई बोर्ड से जुड़े अध्यापक इस घटना के विरोध में धरने और हड़ताल पर बैठ गए। काशीपुर सहित कई जगहों पर गुरुवार को स्कूल बंद रखे गए हैं। पुलिस ने छात्र को हिरासत में ले लिया है। तमंचा बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### गाजीपुर में भी देखने को मिला था इसी तरह का मामला

कुछ दिन पहले ऐसा ही एक मामला यूपी के गाजीपुर में भी सामने आया था। यहां एक प्राइवेट स्कूल में छात्रों के बीच हुए झगड़े ने खौफनाक रूप ले लिया। आपसी कहासुनी के दौरान 9वीं कक्षा के छात्र ने 10वीं कक्षा के छात्र पर चाकू से कई बार हमला कर दिया। इस हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने आए तीन अन्य छात्र भी घायल हो गए। बताया गया कि आरोपी छात्र चाकू को पानी की मेटल बोतल में छुपाकर स्कूल लाया था। मौका मिलते ही उसने बाथरूम के पास हमला कर दिया।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा - 122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**
(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।

सार्वजनिक नोटिस: ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1016 दिनांक:-12/08/2025
संदर्भ:
1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (2) कम्पनियों का नाम छत्तीसगढ राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB5830871 | U20299CT2023PTC015077 | टेथिस स्पेशल्टी ग्राफीन प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB5529934 | U24319CT2024PTC016361 | माँ महासर मेटालिक्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षो से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अत: कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
सहायक रजिस्ट्रार
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र
CBC 07123/11/0335/2526

### एअर इंडिया व एअर इंडिया एक्सप्रेस को उठाना पड़ा 9568 करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस को मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कर से पहले कुल मिलाकर 9,568.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। पिछले वित्त वर्ष में, अकासा एअर और स्पाइसजेट ने कर से पहले 1,983.4 करोड़ रुपये और 58.1 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया, जबकि इंडिगो को कर से पहले 7,587.5 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने गुरुवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में ये आंकड़े साझा किए। हालांकि, ये आंकड़े अस्थायी हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया को कर से पहले 3,890.2 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, जबकि इसकी कम लागत वाली शाखा एअर इंडिया एक्सप्रेस, जो लंबे समय से लाभदायक थी।

कैंसर रोग ओपीडी
ITSA HOSPITALS



डॉ. जयेश शर्मा
MBBS, MS (Mumbai)
Fellowships in Surgical Oncology (Ahmedabad)
Consultant Cancer Surgeon
25 वर्षों से अधिक का अनुभव



स्थान - शिव शक्ति अस्पताल, सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास, अमेरी रोड, नेहरू नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
दिनांक - 23 अगस्त 2025
समय - सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए: दीपेश रॉय (मो.- 77778 51148)
पंजीकरण शुल्क: ₹ 500/-

अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492014
0771 4800000, +91 7880110000
www.itsahospitals.com



कहानी
अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा, 'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे







उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अक्सर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।


एआई इमेज

श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी

बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *




**किताब** : मारी का सफर, **लेखिका** : लावण्या कार्तिक, **अनुवाद** : सीमा, **मूल्य** : 70 रुपए, **प्रकाशक** : एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर



छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।



**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से



खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो



जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *

### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'


किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया, 'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'


एआई इमेज

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## जीके क्विज-167

1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


रितेश, मटियारी


भव्या, बिलासपुर


प्रगति, बिलासपुर



गोपिका, ईमेल से


शुभम, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## जौराही शासकीय उमावि का मामला

# जहर खाकर स्कूल पहुंची 10वीं की छात्रा, करने लगी उल्टियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

शासकीय उमावि जौराही में पढ़ने वाली छात्रा जहर खाकर स्कूल पहुंच गई। छात्रा स्कूल आने के बाद उल्टियां करने लगी जिसके बाद स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में छात्रा को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। फिलहाल छात्रा द्वारा जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।



अस्पताल में भर्ती छात्रा।


बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम चंवरसरई निवासी 16 वर्षीया बालिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक जौराही में कक्षा 10वीं की छात्रा है। प्रतिदिन की तरह छात्रा स्कूल पहुंची हुई थी। इस दौरान लगभग 9.45 बजे छात्रा अचानक उल्टियां करने लगी बेहोश हो गई। पहले तो स्कूल के शिक्षकों को कुछ समझ में नहीं आया लेकिन जब उसकी उल्टी से तीखी गंध आने लगी तो उन्हें छात्रा द्वारा जहर खाकर स्कूल आने की आशंका हुई। बच्ची द्वारा जहर खाने की आशंका से स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया।

स्कूल के प्राचार्य राम प्रवेश पटेल ने इस घटना की जानकारी बच्ची की माता को दी गई। बच्ची के परिजन के स्कूल पहुंचने के बाद निजी वाहन से छात्रा को आनन फानन में उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा छात्रा का उपचार किया जा रहा है। फिलहाल छात्रा की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सकों द्वारा छात्रा को 48 घंटों के लिए निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों का कहना है कि छात्रा ने कीटनाशक पीया था लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि जहर खाने का कारण क्या है या फिर छात्रा ने घर में या फिर स्कूल के रस्ते में जहर खाया था।

## नए मंत्रियों को मंत्रालय में कक्ष आवंटित

**रायपुर।** साय मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही तीनों नए मंत्रियों को मंत्रालय में कक्ष का आवंटन जीएडी ने कर दिया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को मंत्री ब्लॉक के तीसरे फ्लोर पर कक्ष क्रमांक 8 से 12, गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री ब्लॉक के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 1 से 5 और राजेश अग्रवाल को चौथे फ्लोर पर कक्ष क्रमांक 23 से 26 आवंटित कर दिया गया है। कक्ष आवंटन के बाद अब मंत्री अपने विभाग का पदभार ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण के बाद दूसरे दिन मंत्री अपने-अपने क्षेत्र रवाना हो गए। गजेंद्र यादव दुर्ग शहर में अपने समर्थकों के साथ मंत्री बनने के बाद लोगों से मुलाकात करते रहे। वहीं गुरु खुशवंत ने भंडारपुरी धाम और गिरौधपुरी धाम में जाकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। वहीं राजेश अग्रवाल अंबिकापुर रवाना हो गए जहां पर मंत्री बनने के बाद वहां के लोगों से मुलाकात की।

# नगर से 3 किमी दूर करंजवार में 30 हाथियों के पहुंचने से लोगों में दहशत



खेत में मजौद हाथियों का दल।

### इन किसानों के फसलों को पहुंचाया नुकसान

बुधवार की शाम अचानक करंजवार मुख्य मार्ग के समीप 30 हाथियों के दल के पहुंच जाने से लोग दहशत में आ गए। हाथियों के दल ने सड़क किनार स्थित किसान प्रफल्ल गुप्ता, सत्येन्द्र पैकरा, सरपंच विक्रम सिंह सहित अन्य किसानों के खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया। वन विभाग के टीम द्वारा नुकसान हुए फसलों का मुआयना करेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

■ करंजवार वेयर गोदाम सड़क किनारे खेत में लगी फसल को पहुंचाया नुकसान

नगर के समीप 3 किलोमीटर दूर करंजवार प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग के वेयर गोदाम के पास सड़क किनारे में 30 हाथियों का दल आ पहुंचा। हाथियों के दल ने रात में सड़क किनारे खेतो में लगाई धान की फसल रौंद दिया। इधर हाथियों की चिंघाड़ से पूरा क्षेत्र दहशत में रहा। इस बीच हाथी सड़क किनारे तक पहुंचा था।

प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में देर रात 30 हाथियों का दल पहुंच गया जिसकी जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम द्वारा रात 11 बजे से लोगों को सतर्क करना शुरू कर दिया तथा वाहनों सवार लोगों को सुरक्षित तरीके से पार कराया। पैदल या साइकिल चलने वाले लोगों को अलाउंस करके दोनों और रोक दिया था। इधर नगर से महज 3 किलो मीटर दूर भारी संख्या में हाथी आ जाने के कारण लोग दहशत मे आ गए। पूरी रात लोगों में दहशत बना रहा। भारी संख्या में हाथी आ जाने के कारण प्रतापपुर के सीमावर्ती ग्राम करंजवार, सरहरी, खुरमा, खैरा दाढ़ सहित कई गांवों को सतर्क किया जा रहा है। प्रतापपुर में हाथी शहर के करीब पहुंच जाने की खबर से लोगों में हड़कंप मच गया। हाथी सड़क किनारे बार-बार आ जाते है क्योंकि इस स्थान पर हाथी करीब 30 वर्षों से जानते है। आपको बता दे की अचानक से बुधवार की शाम से 30 हाथियों का दल बहुत जाने के कारण प्रतापपुर क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं है क्योंकि कई बार यह हाथी प्रतापपुर में पहुंच चुके है। हाथी के साथ शावक हाथी भी देखे गए है। हाथियों की आने की भनक लगते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक दल में 30 हाथी है। अभी तक किसी प्रकार का जान माल का क्षति नहीं पहुंचाया गया है मगर फसलों को नुकसान कर दिया गया है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि हाथियों की निगरानी रखी जा रही है।

# स्टिक परिणाम के लिए होगा डिजिटल मूल्यांकन

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) इस सत्र से एक नया नियम लागू करने जा रहा है। वर्ष 2026 बोर्ड एग्जाम 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का डिजिटल मूल्यांकन किया जायेगा। हालांकि, बोर्ड की ओर से अभी केवल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों और चुनिंदा विषयों में ही डिजिटल मूल्यांकन किया जायेगा। यदि पायलट प्रोजेक्ट सफल रहता है तो इसे आगे सभी केंद्रों पर लागू करने का निर्णय लिया जायेगा। बोर्ड की ओर इस प्रोजेक्ट को इसलिए शुरू किया जा रहा है ताकि परीक्षा होने के बाद तेजी से कॉपियों का मूल्यांकन हो सके और रिजल्ट भी जल्द जारी किया जा सके। सीबीएसई बोर्ड की ओर से यह अहम फैसला हाल ही में हुई गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया गया है।

■ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों में ही लागू होगा नया नियम

### पहले 2014 में हो चुका प्रयोग

आपको बता दें कि सीबीएसई की ओर से इससे पहले वर्ष 2014 में 10वीं और 2015 में 12वीं की परीक्षाओं के कुछ विषयों में कॉपियों की जांच डिजिटल रूप से कराई गई थी। लेकिन तब इस प्रयोग को बहुत सीमित स्तर पर किया गया था। अब इसे बड़े पैमाने पर लागू करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड की कॉपियों का डिजिटल मूल्यांकन की जिम्मेदारी सरकार की ओर से एजेंसियों को दी जाएगी। बोर्ड के अनुसार ने डिजिटल मूल्यांकन की जिम्मेदारी केवल उन्हीं एजेंसियों को दी जाएगी, जिन्हें पहले से बोर्ड या किसी सरकारी संस्था की परीक्षाओं के मूल्यांकन का अनुभव हो जिससे कि जांच की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित, विश्वसनीय और त्रुटिरहित हो।

### 75 फीसदी अटेंडेंस जरूरी

वहीं बोर्ड की ओर से एक अन्य नोटिफिकेशन जारी कर सूचना दी गई है कि बोर्ड एग्जाम में भाग लेने के लिए स्टूडेंट्स की स्कूल में न्यूनतम 75 फीसदी अटेंडेंस होना अनिवार्य है। 75 फीसदी उपस्थिति के बिना छात्रों को बोर्ड एग्जाम देने से रोक दिया जायेगा। ऐसे में छात्रों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है ताकि एग्जाम के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। हालांकि मेडिकल इमरजेंसी, नेशनल या इंटरनेशनल खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसे आपातकालीन मामलों में छात्रों को छूट दी जा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नवा रायपुर में...

में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। भवन में तीन प्रमुख विंग बनाए गए हैं। विंग-ए में विधानसभा सचिवालय, विंग-बी में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय सहित विधानसभा सदन व सेंट्रल हॉल, तथा विंग-सी में उप मुख्यमंत्रियों एवं अन्य मंत्रियों के कार्यालय होंगे। विधानसभा के बी विंग को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सदन में कुर्सियां लगने का काम अंतिम चरण में हैं। यहां पर मुख्यमंत्री और विधानसभा कक्ष के इंटीरियर का कार्य भी अंतिम चरण में है।

### जीएसटी में खत्म...

कुमार खन्ना ने कहा कि केंद्र के प्रस्ताव में विलासिता और समाज के नजरिये अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगाना भी शामिल है। पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि उनके राज्य ने 40 प्रतिशत जीएसटी दर के ऊपर एक अतिरिक्त कर लगाने का प्रस्ताव रखा है ताकि कार जैसी विलासिता और समाज के नजरिये से अहितकर वस्तुओं पर वर्तमान कराधान बना रहे। भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र के प्रस्ताव में नए जीएसटी स्लैब के लागू होने के बाद केंद्र और राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान का उल्लेख नहीं है। वर्तमान में, माल एवं सेवा कर की चार स्तरीय संरचना 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत है। खाद्य पदार्थों पर या तो शून्य या पांच प्रतिशत कर लगता है, जबकि विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर लगता है। ऐसी वस्तुओं पर 28 प्रतिशत जीएसटी के अलावा, कार जैसी विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर उपकर लगाया जाता है।

**कितना टाइम लगेगा ?-**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के भाषण में घोषणा की थी कि जीएसटी सुधार दिवाली 2025 तक लागू हो जाएंगे। इसका मतलब है कि नई दो स्लैब वाली व्यवस्था (5% और 18%) अक्टूबर-नवंबर 2025 तक प्रभावी हो सकती है। बता दें कि सरकार 12% और 28% स्लैब को खत्म करने के साथ, लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं (जैसे तंबाकू, ऑनलाइन गेमिंग) पर 40 फीसदी का स्पेशल रेट लगाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि राजस्व पर ज्यादा प्रभाव न पड़े।

**बीमा और हेल्थ पर टैक्स छूट से 9700 करोड़ का बोझ -**

मंत्री समूह ने व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी छूट देने के केंद्र के प्रस्ताव की भी समीक्षा की, जिससे सालाना लगभग 9,700 करोड़ का राजस्व प्रभाव पड़ सकता है। अधिकांश राज्यों ने इस योजना का सपोर्ट किया है, लेकिन यह भी कहा है कि इसका लाभ सीधे पॉलिसी होल्डर्स को मिलना चाहिए।

### साय ने कहा-...

की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, नई उद्योग नीति को लेकर सरकार गंभीर है। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर छत्तीसगढ़ की संभावनाओं को प्रस्तुत करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे वहां की नामी कंपनियों और उद्यमियों से मिलकर उन्हें छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री साय 31 अगस्त को रायपुर लौटेंगे।

**नई उद्योग नीति से छत्तीसगढ़ में निवेश-**

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, नई उद्योग नीति लाने के बाद 6.5 लाख करोड़ रुपये का एमओयू हुआ है और उसमें से बहुत सारे काम शुरू भी हो गए हैं।

### तिरंगा फहराने की...

यह देश प्रेम रास नहीं आया है और उसे मौत के घाट उतार दिया। माओवादियों ने हत्या करने के बाद बैनर लगाकर मुखबिरी के नाम पर हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच के बार सही तस्वीर सामने आएगी। जानकारी के अनुसार माओवादियों ने 16 अगस्त को ग्राम इंद्रपुर में बैनर लगाया था, जिसे गांव वालों ने 17 अगस्त की सुबह देखा था, जिसमें महेश नरेटी की हत्या का जिम्मा लिया था और उसे पुलिस का मुखबिर बताया था। इस बैनर में सरपंच एवं कई गांव के लोगों को मुखबिरी के नाम पर चेताया था। घटना के पांच दिन बाद एक वीडियो वायरल होता है, उसमें यह बताया जा रहा है कि बिनागुंडा का महेश नरेटी ने स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को बुजुर्ग एवं गांव के बच्चों की उपस्थिति में माओवादियों के स्मारक में तिरंगा लहराया गया था। मृतक ने गांव वालों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया और उसी से नाराज होकर माओवादियों ने स्वतंत्रता दिवस के बाद मौत की सजा दे दी।

**नदी उफान पर, किया जाएगा संपर्क-**

थाना प्रभारी छोटेबेठिया रमन उसेंडी से बात करने पर उन्होंने बताया आज दिनांक तक संबंधित का परिवार रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं पहुंचा है, सितरम नदी उफान पर है। पानी का बहाव कम होने से पुलिस विभाग की टीम पीड़ित परिवार से संपर्क करेगी।

### वीडियो की जांच...

स्वीकार करते हुए लिखा था कि पुलिस का मुखबिर है, परंतु उस मामले में 21 अगस्त को एक वीडियो वायरल हुआ है, उसमें महेश नरेटी ने झंडा फहराया है, इसलिए हत्या हुई है। इस वीडियो की जांच जारी है, जांच के बाद ही विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### खेल मंत्रालय ने...

पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है जिसके तहत भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान में द्विपक्षीय खेलों में भाग नहीं लेंगे और ना ही पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आएंगे। यह पूछने पर कि क्या भारतीय टीम को कई देशों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान में खेलने भेजा जाएगा। सूत्र ने कहा, ऐसे हालात में हम फैसला लेंगे कि हमें जाना है या नहीं। सूत्र ने कहा, जो देश यह कहता हो कि हमारा ट्रक पत्थर से भरा है और भारत मर्सीडीज है और टकराने से नुकसान किसे होगा, ऐसे देश में हम अपने खिलाड़ियों को कैसे भेज सकते हैं। मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी इस नीति में सरकार ने पाकिस्तान का नाम लिया है जो अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का आरोपी है जिसमें 26 भारतीय पर्यटक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के दौरान भारत ने मई में 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। कहा गया है, पाकिस्तान से जुड़े खेल टूर्नामेंट के प्रति भारत का दृष्टिकोण उस देश के साथ व्यवहार करने की उसकी समग्र नीति को दर्शाता है। इसके अनुसार, जहां तक एक-दूसरे के देश में द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिताओं का संबंध है तो किसी भी खेल में भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी। और ना ही हम पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति देंगे। हालांकि कई देशों के टूर्नामेंट पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, हम भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोकेंगे क्योंकि यह कई देशों का टूर्नामेंट है। सूत्र ने कहा, लेकिन पाकिस्तान को द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय सरजमीं पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन हम उन्हें बहुपक्षीय टूर्नामेंट में खेलने से नहीं रोकेंगे क्योंकि हम ओलंपिक चार्टर का पालन करेंगे। लेकिन भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय खेलों में भाग नहीं लेंगे, फिर चाहे वह अमेरिका में ही क्यों नहीं हो। भारतीय टीम अगले महीने नौ सितंबर से शुरू हो रहे आठ टीमों के एशिया कप में भाग लेने यूएई जाएगी। सूत्र ने कहा, हम भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोक सकते क्योंकि यह कई देशों का टूर्नामेंट है। जब तक पाकिस्तान मेजबान नहीं है, हम टीम को खेलने से नहीं रोक सकते ।वैसे भी हमारे नहीं खेलने से पाकिस्तान को ही फायदा होगा। हमें उसे हराना है सीमा पर भी और खेल के मैदान पर भी। यह पूछने पर कि दोनों देशों के संबंध सुधरने पर क्या नीति पर पुनर्विचार किया जाएगी। सूत्र ने कहा, अभी तो यह संभव नहीं लगता। नीति से स्पष्ट है कि 2030 राष्ट्रमंडल खेल और 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक भारत ओलंपिक चार्टर का पालन करेगा ताकि बड़े टूर्नामेंटों के संभावित मेजबान के रूप में खुद को स्थापित कर सके। यही वजह है कि भारत सरकार ने अगले महीने बिहार में होने वाले एशिया कप के लिये पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ियों को वीजा देने पर मंजूरी जताई हालांकि पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से आने से इंकार कर दिया।

**भारत-पाकिस्तान के बीच पहला मैच-**

एशिया कप में टीम इंडिया पहला मैच 10 सितंबर को यूनाइटेड अरब अमीरात की टीम के खिलाफ खेलेगी। वहीं, पाकिस्तान का पहला मैच 12 सितंबर को ओमान के खिलाफ होगा, लेकिन इसके बाद 14 सितंबर को होने वाले मैच पर हर किसी की निगाहें टिकी होंगी, क्योंकि इस दिन भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार क्रिकेट मैच खेला जाएगा। ये मुकाबला दुबई के क्रिकेट स्टेडियम में होगा। भारतीय समयानुसार भारत-पाक के बीच ये मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

### फिर भिड़ेंगे...

ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान क्वालीफाई करते हैं, तब सुपर-4 में फिर एक बार दोनों टीमों के बीच टक्कर देखने को मिल सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच ये मैच दुबई या अबू धाबी में खेला जा सकता है, जो कि भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे ही शुरू होगा।

### मंत्रिमंडल विस्तार....सर्वजन...

फार्मूले पर बना है। अब राज्य की आबादी में वर्गों, जातियों की संख्या के आधार पर कैबिनेट में प्रतिनिधित्व दिया गया है। राज्य में एसटी वर्ग यानी आदिवासियों की संख्या 32 प्रतिशत है। इस वर्ग से आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय और दो वरिष्ठ मंत्री के रूप में इसी समुदाय से रामविचार नेताम और केदार कश्यप पहले ही शामिल हैं। राज्य में एससी की आबादी करीब 14 प्रतिशत है। इस वर्ग से पहले एक ही मंत्री दयालदास बघेल थे, अब नए मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले गुरु खुशवंत साहेब भी इसी वर्ग से हैं। यानी एससी से दो मंत्री हो गए। राज्य की आबादी में एक बड़ा हिस्सा ओबीसी का है। लिहाजा, इस वर्ग को तवज्जो देना हर राजनीतिक दल की प्राथमिकता में होता है। ओबीसी वर्ग से पहले ही 6 मंत्री थे, लेकिन अब गजेंद्र यादव को शामिल करने से ओबीसी मंत्रियों की संख्या सात हो गई है। खास बात ये है कि गजेंद्र जिस समुदाय से आते हैं वह यादव समाज राज्य में पिछड़े वर्गों में तेली, कुर्मी के बाद तीसरे नंबर का बड़ा समुदाय माना जाता है। अब अगर सामान्य वर्ग की बात करें तो इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। मंत्रिमंडल गठन के समय सामान्य वर्ग के दो मंत्री थे, इनमें से एक पद बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद खाली हुआ था। इस पद पर इसी समुदाय के राजेश अग्रवाल को मंत्री बनाया गया है। लिहाजा मंत्रिमंडल विस्तार में सभी वर्गों को उनके प्रतिनिधित्व के अनुसार स्थान देकर संतुलन साधा गया है।

### क्षेत्रीय संतुलन...

क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दिया है, उन्हें आबकारी दिया जाना एक तरह का पुरस्कार ही है। यही नहीं, यह विभाग राज्य के लिए राजस्व जुटाने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग भी है। बंटवारे में मुख्यमंत्री के पास जल संसाधन विभाग आया है, यह विभाग पहले केदार कश्यप के पास था। केदार कश्यप को अब परिवहन विभाग दिया गया है, यह विभाग पहले मुख्यमंत्री के पास था।जल संसाधन विभाग राज्य की कृषि आधारित व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए यह विभाग अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह विभाग सिंचाई संबंधी अधोसंरचना विकास का काम करता है, अब इस विकास में तेजी आएगी। राज्य में ग्रामोद्योग विभाग ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत व्यावसाय, स्थानीय रोजगार देने के अवसर बढ़ाने के लिए काम करता है, यह विभाग मुख्यमंत्री के पास था, जिसे नए मंत्री गजेंद्र यादव को दिया गया है। पूर्व में स्कूल शिक्षा मंत्री के पास उच्च शिक्षा विभाग होता था, लेकिन अब मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यह विभाग राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को दिया गया है। यह बदलाव करने से माना जा रहा है कि स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग में अलग-अलग प्राथमिकताओं के साथ काम हो सकेगा। गजेंद्र यादव के विधि एवं विधायी कार्य विभाग भी दिया गया है, यह पहले उपमुख्यमंत्री अरुण साव के पास था। नए मंत्री राजेश अग्रवाल को पर्यटन, संस्कृति धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग दिया गया है। ये विभाग सामान्य क्षेत्र के लोगों को सीधे प्रभावित करते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की रणनीति के सफल क्रियानव्यन का परिणाम ये है कि तीन नए मंत्री बनने और विभागों का बंटवारा होने के बाद किसी वर्ग से कहीं भी असंतोष जैसी कोई बाद सामने नहीं आई, जाहिर है ये एक बड़ी सफलता है। इसका असर साय सरकार के बाकी बचे पूरे कार्यकाल में देखने को मिल सकता है।

### नक्सलियों के सबसे...

स्कवॉड की मदद भी ली जाती है। सुरक्षाबलों द्वारा अब तक हजारों की संख्या में आईईडी डिटेक्ट कर डिफ्यूज किया जा चुका है। आकड़ों की बात करें तो पिछले कुछ वर्षों में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी की चपेट में आने से दर्जनों जवानों व निर्दोष ग्रामीणों की जान जा चुकी है। इसकी चपेट में आने से वर्ष 2018 से 2023 तक 58 जवान शहीद हो चुके हैं, वहीं 184 जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एक तरह से माओवादियों ने बस्तर के अंदरूनी इलाकों को बारूद के ढेर में तब्दील कर रखा है। जब भी फोर्स की मूवमेंट उन इलाकों में होती है तो आईईडी ब्लास्ट कर फोर्स को नुकसान पहुंचाया जाता है। हाल ही में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सबसे बड़े अभियान कर्रेगुट्टा हिल्स से पूर्व नक्सलियों ने ग्रामीणों से पहाड़ की ओर नहीं जाने की अपील की थी। नक्सलियों ने पत्र जारी कर बताया था कि पहाड़ी की ओर सैकड़ों की संख्या में आईईडी प्लांट किया गया है। जिससे उन्हे नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### इस साल 738...

738 आईईडी भी सुरक्षाबलों द्वारा बरामद किए जा चुके हैं। नक्सलियों की ओर से फोर्स को नुकसान पहुंचाने 52 बार आईईडी ब्लास्ट किया गया है।

### सबसे ज्यादा नुकसान...

में माओवादियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए 250 आईईडी ब्लास्ट किया जा चुका है। समय के साथ आईईडी डिटेक्ट कर डिफ्यूज करने में सुरक्षाबलों के जवानों को सफलता मिल रही है, लेकिन छोटी सी चूक सुरक्षाबलों को भारी पड़ रहा है। यही कारण है कि जवानों के शहीद होने व घायल होने का सिलसिला लगातार जारी है।

### अत्याधुनिक उपकरणों ...

जिम्मे बम को डिटेक्ट कर डिफ्यूज करने की जिम्मेदारी होती है, जो सर्चिंग व ऑपरेशन के दौरान टीम का हिस्सा होते है। इनमें सबसे पहले टीम के सदस्य द्वारा बम डिटेक्ट किया जाता है, बम डिटेक्ट करने में ट्रेंड डॉग की भी महती भूमिका होती है जो मौके पर बम होना कम्फर्म करते हैं। दोनों सदस्यों के द्वारा बम डिटेक्ट करने के बाद अगला काम डिस्पोजल करने वालों की होती है, जो पूरे इलाके को ब्लाक करते है फिर बम डिस्पोजल कर दिया जाता है। बीडीएएस की यह टीम अत्याधुनिक उपकरण ट्रिपवायर फिलर, प्रोडर विथ नॉन मेटेलिक टिप, रेकर, ग्रेनल विथ रोप, इनंटनेचिंग टूल, मेग्नीफाई ग्लास, एक्सटेंशन सर्च मिरर से लैस होते है।

### आखिरी दिन भी...

दौरान लगातार बने गतिरोध पर निराशा जताते हुए कहा, सूचीबद्ध कार्यों पर सार्थक और सुचारू चर्चा सुनिश्चित करने के आसन के भरसक प्रयासों के बावजूद, यह सत्र दुर्भाग्यवश बार-बार व्यवधानों के कारण बाधित रहा, जिसके परिणामस्वरूप बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इससे न केवल बहुमूल्य संसदीय समय की हानि हुई, बल्कि हमें लोक महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर भी नहीं मिला। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे, किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। सत्र के दौरान दोनों सदनों में कुल 15 विधेयक पारित किए गए। इस दौरान सरकार ने लोकसभा में कुल 14 विधेयक पेश किए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया। सरकार ने इन तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया, जिसे दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी। हंगामे के कारण नहीं हो पाया काम- पूरे सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के लगातार हंगामे और आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करने के कारण एक भी दिन शून्यकाल एवं प्रश्नकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाये। साथ ही इस दौरान कोई गैर सरकारी कामकाज नहीं हुआ। उच्च सदन में प्रायः शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद गैर सरकारी कामकाज होता है। ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा की मंजूरी - संसद ने गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने एवं शैक्षणिक और सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक महत्वपूर्ण विधेयक को मंजूरी दे दी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि समाज में एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है, जिससे बचने के लिए इस विधेयक को लाया गया है। राज्यसभा में 'ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025' को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के जवाब के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### दोनों सदनों में...

विधेयक 2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 और ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 भी हंगामे के बीच दोनों सदनों में पारित किए गए।

### विपक्ष में भी कई ...

एक चाय पार्टी के दौरान की, जिसमें किसी भी विपक्षी सांसद ने भाग नहीं लिया और यह एनडीए के नेताओं तक ही सीमित रही। चाय पार्टी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि विपक्षी सांसद संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए मजबूर हैं क्योंकि वे राहुल गांधी से बेहतर वक्ता हैं, लेकिन लोकसभा में विपक्ष के नेता उन्हें प्रोत्साहित नहीं करना चाहते। विपक्षी सांसदों द्वारा संसद की कार्यवाही नियमित रूप से बाधित की जाती रही है।

### रूल से मारकर बच्ची ...

ने मामले की जांच की और जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान पाठक के खिलाफ अपराध दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई की कक्षा में जवाब नहीं देने को लेकर प्रधान पाठक हीरालेआस टोप्पो ने 25 जुलाई बच्ची के पैर पर डंडे से मारा था।

### रूल से मारकर...

ने मामले की जांच की और जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान पाठक के खिलाफ अपराध दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई की कक्षा में जवाब नहीं देने को लेकर प्रधान पाठक हीरालेआस टोप्पो ने 25 जुलाई बच्ची के पैर पर डंडे से मारा था।

### हाईवे पर बह रहा...

नेशनल हाइवे 163 पर जगह-जगह पानी भर गया है। टेकुलगुडेम और आसपास के क्षेत्रों में नदी का पानी हाइवे पर बह रहा है, जिससे आवागमन बंद कर दिया गया है। मंगलवार शाम से हाइवे पर यातायात पूरी तरह ठप है। दोनों ओर सैकड़ों यात्री वाहन और मालवाहक ट्रक फंसे हुए हैं। यात्रियों को खाने-पीने की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्री सड़क पर ही रात बिताने को मजबूर हैं।

### सिरोंचा में अलर्ट...

गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

### अवैध उत्खनन मामले में ...

लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस पर हाईकोर्ट ने 30 जून 2025 को सुनने के बाद आदेश देते हुए खारिज किया था। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए खनिज विभाग के सचिव से शपथ पत्र में जवाब मांगा गया, जिसे गुरुवार को पेश किया गया। हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की और निगरानी में रखते हुए 23 सितंबर 2025 अगली सुनवाई तय की है।

**खबर संक्षेप**

## रुपया 18 पैसे टूटकर 87.25 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर 18 पैसे की गिरावट के साथ 87.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रूस व यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला।

## आइकिया को भारत में बिक्री 10 फीसदी बढ़ने की उम्मीद




**एल्महुल्ट।** स्वीडन की प्रमुख फर्नीचर एवं गृहसज्जा कंपनी आइकिया को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में उसकी बिक्री 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। आइकिया सितंबर-अगस्त के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। कंपनी भारतीय बाजार में अपने विस्तार को लेकर आश्वस्त है।

## स्टारलिंक सत्यापन के लिए आधार का करेगी इस्तेमाल




**नई दिल्ली।** अरबपति एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक भारत में ग्राहकों को जोड़ने से पहले उनके सत्यापन के लिए ''आधार'' प्रमाणीकरण का इस्तेमाल करेगी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं देने वाली इकाई स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है।

## क्यूब हाइवेज ट्रस्ट ने बांड से जुटाए 820 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** क्यूब हाइवेज ट्रस्ट (क्यूब इनविट) ने बांड जारी कर 820 करोड़ रुपये जुटाए हैं। क्यूब हाइवेज फंड एडवाइजर्स प्राइवेट लि. प्रबंधित कंपनी ने क्यूब हाईवेज ट्रस्ट ने अपने नवीनतम बांड के सफल समापन की घोषणा की। इसमें प्रतिस्पर्धी दरों पर दो अवधियों... 3.5 वर्ष और 10 वर्ष... के लिए 820 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं।

## माइंडस्पेस रीट ने बांड से 550 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** माइंडस्पेस बिजनेस पार्क्स रीट ने बांड जारी कर अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) से 550 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुटाई है। आईएफसी विश्व बैंक समूह की निजी क्षेत्र की निवेश इकाई है। 550 करोड़ रुपये की यह अतिरिक्त राशि सस्टेनेबिलिटी-लिंक्ड बॉन्ड (एसएलबी) जारी करके जुटाई गई है।

## एमार एंटरटेनमेंट का मेकमाईट्रिप से करार




**मुंबई।** एमार एंटरटेनमेंट ने ऑनलाइन यात्रा बुंकिग करने से जुड़े मंच मेकमाईट्रिप को भारत में अपना आधिकारिक साझेदार बनाया है। मेकमाईट्रिप ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि इसका मकसद दुबई के कुछ सबसे मशहूर आकर्षणों जैसे बुर्ज खलीफा, दुबई एक्वेरियम और अंडरवॉटर जू तक लोगों को आसान पहुंच प्रदान करना है। इसमें कहा गया, इस साझेदारी के जरिये मेकमाईट्रिप के नए मंच 'टूर्स एंड अट्रैक्शन्स' पर एमार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# बैंकिंग व वित्तीय सेवा में 2030 तक 2.5 लाख नौकरियां होंगी सृजित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- वर्ष 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 फीसदी वृद्धि का अनुमान

भारत का बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा (बीएफएसआई) क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 प्रतिशत और 2030 तक 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है, जिससे करीब 2.5 लाख स्थायी नौकरियां उत्पन्न होंगी।

बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में यह वृद्धि छोटे व मझोले श्रेणी के शहरों में बढ़ती मांग के दम पर हो रही है, जो महानगर केंद्रित भर्ती से स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है।

**कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया ने जारी की रिपोर्ट**

### सूरत, भुवनेश्वर में 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज

वहीं सूरत, जयपुर, लखनऊ और भुवनेश्वर में 11-13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एडेको इंडिया के निदेशक कार्तिकियन केसवन ने कहा, '' बीएफएसआई क्षेत्र में नियुक्ति परिदृश्य दो अभिसारी बदलावों से नए सिरे से परिभाषित हो रहा है। पहला डिजिटल-प्रथम निवेशकों का तेजी से उदय और दूसरा छोटे व मझोले शहरों की ओर झुकाव।



**ऋण जोखिम विश्लेषकों की भर्ती बढ़ी :** इस बीच, बैंकों ने बिक्री एवं संबंधि अधिकारियों, डिजिटल उत्पाद प्रबंधकों और ऋण जोखिम विश्लेषकों के लिए भर्ती बढ़ा दी है, जो इस वर्ष पारंपरिक बीएफएसआई भर्ती में सबसे अधिक मांग वाली भूमिकाएं हैं।

### म्यूचुअल फंड कंपनियों में भी मजबूत मांग

*बीएफएसआई क्षेत्र में नियुक्ति की मांग मजबूत बनी हुई है। हालांकि म्यूचुअल फंड कंपनियां और वेल्थ मैनेजमेंट कंपनियां इस वृद्धि में नौ प्रतिशत से अधिक का नेतृत्व कर रही हैं, क्योंकि बाजार से जुड़े निवेश महानगरों से आगे बढ़ रहे हैं।*

*__वित्तीय योजनाकारों व निवेश सलाहकारों की मांग :__ रिपोर्ट से पता चला कि वित्त एवं बीमा कंपनियां तेजी से वित्तीय योजनाकारों, निवेश सलाहकारों, 'डिजिटल अंडरराइटर्स' और दावा स्वचालन विशेषज्ञों आदि की मांग कर रही हैं। इसमें कहा गया कि इससे इंदौर, कोयम्बटूर, नागपुर और गुवाहाटी जैसे बाजारों में नियुक्तियों में 15-18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।*

कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया ने रिपोर्ट में कहा, '' बीएफएसआई क्षेत्र में प्रतिभाशाली लोगों की बढ़ती मांग के दम पर देश के छोटे व मझोले शहर शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रहे हैं, जहां लगभग 48 प्रतिशत नई नौकरियां सृजित हो रही हैं।''

### पिछले वर्ष की तुलना में भर्ती में 27 फीसदी की तेजी

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में गत वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में भर्तियों में 27 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। स्थानीय भाषा में दक्षता एवं जमीनी स्तर पर बिक्री का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों के अब चयनित होने की संभावना 2.5 गुना अधिक है और उन्हें 10-15 प्रतिशत अधिक वेतन मिलेगा।

## सेबी के चेयरमैन पांडेय ने किया खुलासा

# आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए मंच वायदा कारोबार की अवधि बढ़ाने की योजना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कारोबार का खुलासा कर पाएगी
- मंच सूचीबद्ध होने के बीच कारोबार की अनुमति दे सकता है
- पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक एक विनियमित मंच पेश कर सकता है, जहां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी।

यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।

### परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार

पांडेय ने साथ ही कहा कि नियामक शेयर वायदा कारोबार की अवधि एवं परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है। इससे ऐसे उत्पादों में व्यापार पर अंकुश लगेगा, जहां वित्त वर्ष 2024-25 में 91 प्रतिशत व्यक्तिगत व्यापारियों को घाटा हुआ था। पांडेय ने 'फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस' 2025 में कहा कि निवेशकों के लिए निवेश संबंधी निर्णय लेने को सूचीबद्ध होने से पहले की जानकारी अक्सर पर्याप्त नहीं होती है।

### आईपीओ बाजार काफी सक्रिय है

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारतीय आईपीओ बाजार 2025 तक 48 मुख्य कंपनियों की सूचीबद्धता के साथ काफी सक्रिय हो गया है। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह में 11 कंपनियों ने अपनी आरंभिक शेयर बिक्री शुरू की। अगले सप्ताह कुछ और कंपनियां भी आईपीओ लाने वाली हैं।

### मिलेगा प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म

'प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' पर डिपॉजिटरी के साथ कोई चर्चा होने के सवाल पर उन्होंने कहा, '' मैं जो भी कह रहा हूं, वह केवल सैद्धांतिक है।'' यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।



### ग्रे मार्केट खत्म हो जाएगा

पांडेय ने एक पहल का संकेत देते हुए कहा, '' एक विनियमित मंच प्रायोगिक आधार पर ... जहां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनियां कुछ खुलासों के बाद व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं।'' यदि इस पहल को क्रियान्वित किया जाता है तो इससे अनियमित मंचों जिन्हें अक्सर 'ग्रे मार्केट' कहा जाता है, उन पर असूचीबद्ध शेयर के व्यापार पर अंकुश लग सकेगा।

**निवेशकों के लिए काफी जोखिम है :** वर्तमान में, आईपीओ के बोली लगना बंद होने और बाजारों में इसके खुलने में कम से कम तीन कारोबारी दिनों का अंतराल होता है और इस अवधि के दौरान 'ग्रे मार्केट' में व्यापार होता है।

### नकदी शेयर बाजार को मिल रही अहमियत

शेयर वायदा कारोबार के संबंध में सेबी नकदी शेयर बाजारों को गहरा करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। साथ ही लंबी अवधि के उत्पादों के माध्यम से वायदा-विकल्प की गुणवत्ता को भी बढ़ा रहा है। पांडेय ने कहा, '' हम वायदा-विकल्प उत्पादों के परिपक्वता खाके और सुधार के तरीकों पर हितधारकों के साथ परामर्श करेंगे, ताकि वे 'हेजिंग' (जोखिम प्रबंधन रणनीति) और दीर्घकालिक निवेश के लिए बेहतर सेवा प्रदान कर सकें।''

### तीन साल में दैनिक कारोबार दोगुना हुआ

पांडेय ने कहा कि नकदी बाजार में कारोबार तेजी से बढ़ा है और तीन साल की अवधि में दैनिक कारोबार दोगुना हो गया है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शेयर वायदा कारोबार पूंजी निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन नियामक को गुणवत्ता एवं संतुलन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

# भ्रामक विज्ञापन के लिए रैपिडो पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए ऑनलाइन वाहन सेवा मंच रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण सीसीपीए ने रैपिडो को उन ग्राहकों को पैसे देने का निर्देश भी दिया है जिन्होंने कंपनी के '' पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपये '' ऑफर का इस्तेमाल किया था, लेकिन उन्हें यह राशि मिली नहीं। नियामक ने रैपिडो के विज्ञापनों की जांच के बाद यह कार्रवाई की जिसमें '' पांच मिनट में ऑटो या 50 रुपये पाएं'' और ''गारंटीड ऑटो'' का वादा किया गया था। उसने पाया कि ये विज्ञापन झूठे एवं उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता 'हेल्पलाइन' के आंकड़ों से पता चला है कि जून 2024 और जुलाई 2025 के बीच रैपिडो के खिलाफ शिकायतों की संख्या




- सीसीपीए ने लगाया 10 लाख रुपए का जुर्माना
- पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपए का किया था इस्तेमाल

बढ़कर 1,224 हो गई, जबकि उससे पिछले 14 महीने की अवधि में यह संख्या 575 थी। सीसीपीए की जांच से पता चला कि रैपिडो के विज्ञापनों में 'डिस्क्लेमर' बेहद छोटे या ऐसी शैली में प्रदर्शित किए गए थे कि उन्हें पढ़ पाना बेहद मुश्किल था। 50 रुपये के लाभ का वादा वास्तविक मुद्रा नहीं, बल्कि ''50 रुपये तक'' मूल्य के ''रैपिडो सिक्के'' थे जिनका उपयोग केवल मोटरसाइकिल की सवारी के लिए किया जा सकता था। साथ ही इनकी समय सीमा सात दिन के भीतर समाप्त हो जाती थी।

### प्रतिबंधों ने ऑफर की अहमियत कम की

मंत्रालय ने बयान में कहा, '' इस तरह के प्रतिबंधों ने 'ऑफर' की अहमियत को काफी हद तक कम कर दिया और उपभोक्ताओं को अनुचित रूप से कम समय के भीतर रैपिडो की दूसरी सेवा का उपयोग करने के लिए मजबूर कर दिया।''

# जापानी कंपनी याकुल्ट भारत की क्षमता पर लगा रही दांव

- कंपनी को उम्मीद, भारत शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में होगा शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापान की याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक इजी अमानो ने कहा कि याकुल्ट भारत की क्षमता पर दांव लगा रही है और उसे उम्मीद है कि देश में बढ़ते मध्यम वर्ग से वह उसके शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में शामिल हो सकता है।

कंपनी भारत में दो वैश्विक प्रोबायोटिक अग्रणी कंपनियों याकुल्ट होन्शा (जापान) और ग्रुप डैनोन (फ्रांस) के बीच 50:50 संयुक्त उद्यम




के रूप में काम करती है। बड़े पैमाने पर क्षेत्र में विस्तार करना चाहती है और इसके लिए उसने बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू को अपना नया ब्रांड एम्बैसडर बनाया है।

*__मध्यम वर्ग का आकार बढ़ा है :__ भारतीय बाजार की क्षमता के बारे में पूछे जाने पर अमानो ने कहा कि यह देखते हुए कि भारत की आर्थिक वृद्धि किस प्रकार आगे बढ़ी है तथा मध्यम वर्ग का आधार किस प्रकार बढ़ रहा है..''यह बहुत व्यापक है।'' याकुल्ट के शीर्ष चार वैश्विक बाजार जापान, चीन, इंडोनेशिया और मेक्सिको हैं।*

## ईएसआईसी ने जून में जोड़े 19.37 लाख नए सदस्य




**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जून में 19.37 लाख नए सदस्य जोड़े। बृहस्पतिवार को जारी नवीनतम पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा, '' जून, 2025 में 34,762 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई।'' ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि जून में 19.37 लाख नए कर्मचारी जुड़े। इनमें से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 9.58 लाख लोग हैं जो कुल पंजीकरण का 49.50 प्रतिशत हैं। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन महीने में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 4.13 लाख रहा। इसके अलावा कुल 87 ट्रांसजेंडर कर्मचारी भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत थे।

# विप्रो करेगी हर्मन के डीटीएस कारोबार का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो लिमिटेड ने सैमसंग की अनुषंगी हर्मन की डिजिटल रूपांतरण समाधान (डीटीएस) इकाई का अधिग्रहण करने के लिए पक्का समझौता किया है। इस सौदे का मूल्य 37.5 करोड़ डॉलर (करीब 3,270 करोड़ रुपये) तक होगा। विप्रो ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि इस समझौते के तहत अमेरिका, यूरोप और एशिया में कार्यरत डीटीएस के 5,600 से अधिक कर्मचारी विप्रो का हिस्सा बन जाएंगे। कंपनी ने कहा, /''विप्रो (अपनी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से) ने 21 अगस्त, 2025 को हर्मन कनेक्टेड सर्विसेज इंक और उसकी अनुषंगी इकाइयों एवं कुछ अन्य परिसंपत्तियों में 100 प्रतिशत शेयरधारिता हासिल करने के लिए हर्मन इंटरनेशनल इंडस्ट्रीज इंक के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।/''यह अधिग्रहण सौदा 31 दिसंबर, 2025 तक पूरा होने की संभावना है। अधिग्रहण के बाद डीटीएस को विप्रो के इंजीनियरिंग वैश्विक व्यवसाय खंड में शामिल कर लिया जाएगा।





- सौदे का मूल्य 3,270 करोड़ रुपए तक होगा
- हर्मन, सैमसंग की अनुषंगी कंपनी है

### एआई क्षमता को कंपनी आगे बढ़ाएगी

विप्रो ने कहा कि यह अधिग्रहण उसकी ईआरएंडडी क्षमताओं को मजबूती देगा और डिजाइन से लेकर विनिर्माण तक की सेवाओं में एआई-आधारित डिजिटल एवं डिवाइस इंजीनियरिंग क्षमता को और आगे बढ़ाएगा।

# शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 82,000 अंक पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- बीएसई सेंसेक्स में 143 अंक की तेजी
- आईसीआईसीआई बैंक व रिलायंस में रही तेजी

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक चढ़कर 82,000 अंक के स्तर को पार कर गया। आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स सीमित दायरे में कारोबार के बाद 142.87 अंक चढ़कर 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 373.33 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 33.20 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,083.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। छह दिनों की तेजी में सेंसेक्स कुल 1,765 अंक यानी 2.14 प्रतिशत और निफ्टी 596 अंक यानी 2.4 प्रतिशत चढ़ चुका है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और हाल ही में एसएंडपी द्वारा भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाए जाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर राज्यों के मंत्रियों के समूह ने केंद्र के पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब संरचना अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी परिषद अगले महीने इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला ले सकती है।

### बाजार में मिले जुले संकेत

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''वायदा अनुबंध सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में ढीला-ढाला कारोबार देखने को मिला। मिले-जुले संकेतों के बीच बाजार काफी हद तक स्थिर ही रहे। निफ्टी की शुरुआत सपाट हुई और पूरे कारोबारी सत्र में यह एक सीमित दायरे में बना रहा।''

# सोना 600 और चांदी 1,500 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

500 रुपये बढ़कर 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 99,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने की कीमत तीन सप्ताह के निचले



- सोना 600 रुपए बढ़कर 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी 1,14,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई

स्तर पर गिरने के बाद, सुरक्षित निवेश की मांग और सौदेबाज़ी की खरीदारी के चलते बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेज़ी आई।

*__निवेशक बेरोजगारी व पीएमआई आंकड़ों का कर रहे इंतजार :__ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,339.04 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी जिंस शोध, कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोना 3,340 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर बना हुआ है क्योंकि निवेशक बेरोजगारी दावे, पीएमआई और मौजूदा घरों की बिक्री सहित प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।''*

## वाणिज्यिक वाहन खंड में ढुलाई के लिए उतारा मॉडल

# टीवीएस ने इलेक्ट्रिक तिपहिया पोर्टफोलियो का किया विस्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीवीएस मोटर कंपनी ने बृहस्पतिवार को ढुलाई खंड के लिए एक तिपहिया वाहन पेश करते हुए अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की श्रृंखला का विस्तार किया। कंपनी ने इस साल की शुरुआत में यात्री खंड के लिए किंग ईवी मैक्स को उतारने के साथ इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन खंड में कदम रखा था।

टीवीएस किंग कार्गो एचडी को एक बार चार्ज करने पर 156 किलोमीटर चलाया जा सकता है। इसकी शोरूम कीमत 3.85 लाख रुपये है। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक कारोबार प्रमुख रजत गुप्ता ने कहा कि इस मॉडल को इस साल के अंत में सीएनजी ट्रिम में भी पेश किया जाएगा।

**एक बार चार्ज करने पर 156 किलोमीटर चलाया जा सकता है**

### इलेक्ट्रिक मॉडल को स्वीकार्यता मिल रही

गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रिक मॉडल को जबर्दस्त स्वीकार्यता मिल रही है और वर्ष 2030 कुल तिपहिया वाहन बाजार में इस खंड की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत होने की संभावना है। गुप्ता ने बताया कि पिछले साल लगभग 20,000 इलेक्ट्रिक वाहन बिके, जो कुल 60,000 तिपहिया वाहन बाजार का लगभग 31 प्रतिशत हिस्सा है।



### कार्गो खंड में 10 हजार ईवी वाहन बिक रहे

गुप्ता ने कहा, ''जहां तक मालवाहक खंड (कार्गो सेगमेंट) की बात है, हर महीने लगभग 10,000 इलेक्ट्रिक वाहन बिक रहे हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत डीजल और 25-25 प्रतिशत इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी है। उन्होंने बताया कि तिपहिया वाहन खंड में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है।

### 2030 तक 60 फीसदी हिस्सा ईवी वाहनों का

गुप्ता ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि 2030 तक बाजार का 60 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहन का होगा। सभी ईंधन एक साथ मौजूद रहेंगे, लेकिन मुख्य रूप से 50-60 प्रतिशत बाजार इलेक्ट्रिक वाहन ही होगा। टीवीएस किंग कार्गो एचडी के बारे में, उन्होंने बताया कि कंपनी सबसे पहले दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश कर रही है। उसके बाद बेंगलुरु, गुजरात और महाराष्ट्र में इसकी बिक्री शुरू की जाएगी।

### विदेशी बाजाज अब भी छोटा

यह पूछे जाने पर कि क्या इस उत्पाद का निर्यात भी किया जाएगा, गुप्ता ने कहा कि ढुलाई तिपहिया वाहनों का विदेशी बाजार अब भी छोटा ही है जो लगभग 4,000 इकाई प्रति वर्ष का है। उन्होंने कहा, ''हालांकि यह बहुत छोटा है, लेकिन इसे अपनाया जाएगा। इसलिए हम पहले से ही कुछ देशों में प्रयास कर रहे हैं।''

**25 व 26 अगस्त को भारी बारिश की संभावना**

# दक्षिण शिफ्ट हो चुकी मानसून द्रोणिका हुई सामान्य, छाएंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अगले तीन दिनों तक छाए रहेंगे बादल, देर शाम-रात में हल्की बारिश



दक्षिण छत्तीसगढ़ में शिफ्ट हो चुकी मानसून द्रोणिका अब फिर से सामान्य हो चुकी है। इसके कारण अब पूरे प्रदेश में बदली-बारिश का सिलसिला पुनः प्रारंभ हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक 22 से 24 अगस्त तक आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। इस दौरान देर शाम अथवा रात में हल्की बारिश होगी अथवा बौछारें पड़ेंगी। भारी बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी, लेकिन आसमान आंशिक रूप से मेघमय रहेगा। इसके बाद 25 व 26 अगस्त को पूरे प्रदेश में भारी बारिश की स्थिति निर्मित हो सकती है। वज्रपात भी कुछ स्थानों में हो सकता है। इसके पूर्व मानसून द्रोणिका के दक्षिण छग में शिफ्ट होने के कारण प्रदेश के अन्य स्थानों में बारिश संबंधित गतिविधियों में कमी आ गई थी। रायपुर में शुक्रवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। देर शाम हल्की बारिश संभावित है।

### अरब सागर से आ रही नमी

मानसून द्रोणिका के सामान्य होने के अलावा अरब सागर से आ रही नमी के कारण भी बारिश संबंधित गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होगी। 24 अगस्त तक बादल छाए रहने के चलते तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोत्तरी होगी। दिन में बेचैन करने वाली उमस की स्थिति रहेगी। 25 अगस्त को भारी बारिश होने के बाद ही उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकेगी। गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक ठंडा और सर्वाधिक गर्म दुर्ग जिला ही रहा। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान दुर्ग में 32.5 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 20 डिग्री भी दुर्ग में ही दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक 31.7 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री अधिक 24.8 डिग्री दर्ज हुआ।

## पांच चाकू, दो वॉकी-टॉकी बरामद, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राईम एंड साइबर यूनिट की टीम ने एक युवक को 5 बटनदार चाकू एवं दो वॉकी-टॉकी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 19 अगस्त को खमतराई थाना क्षेत्र के रामेश्वर नगर भनपुरी के पास इमरान अंसारी निवासी रामेश्वर नगर खमतराई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैग बरामद किया, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें बटनदार 5 चाकू एवं 2 वॉकी-टॉकी मिले। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग साइट से चाकू मंगाए थे। इन चाकुओं के अलावा उसने 4 और चाकू मंगाए हैं, जिसकी डिलीवरी होनी बाकी है। इमरान के पास वॉकी-टॉकी कहां से आए, इसकी जांच की जा रही है।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of C.G. Undertaking)

No. 03-03/ TN-262/25-26/3557 Raipur, Dtd.20/08/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-262/25-26**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | EW-323/25-26 8100045834 (With RLA) | Contract for the work of "Reclamation of Old & Worn Out Coal Compartment Assemblies of 1x500 MW, HTPS, Korba (West). | 22.09.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 2. | HW-328/25-26 8100045840 (With RLA) | Deployment of manpower to assist 220KV/400KV Switchyard maintenance work of PH-I & PH-II at Korba (West) and 132KV Switchyard at H.B.H.P.S. Bango under HTPS, KW. | 19.09.2025 Upto 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:–https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal
Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
CSPGCL::RAIPUR

SAVE ELECTRICITY

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (जोन क्र.02)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र./816/न.पा.नि./जो 02/लोनिवि/2025-26 तिफरा, दिनांक 21.08.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा दिनांक 11.09.2025 समय 17.30 Hours (IST) तक आमंत्रित की जाती है :–

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 174237 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND DRAIN UNDER INTEGRATED DEVELOPMENT AT SIRGITTI AREA. | 681.59 | 3,41,000 |

निविदा की सामान्य शर्तें, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई– प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 22/08/2025 से डाउनलोड/देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (जोन क्रमांक 02)
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

# भाजपा के मंडल और जिलाध्यक्षों को राष्ट्रीय नेता देंगे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- इस माह के अंत में या अगले माह के पहले सप्ताह में बड़ी बैठक की तैयारी

प्रदेश भाजपा संगठन में बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन में बड़ा बदलाव हो गया है। ज्यादातर मंडलों के साथ एक जिले रायपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नए जिलाध्यक्ष बन गए हैं। अब मंडलों की जहां कार्यकारिणी बन गई है, वहीं अब जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है। आधे से ज्यादा जिलों की कार्यकारिणी बन भी गई है। प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। अब सभी 476 मंडलों और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों को बुलाकर राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बड़ी बैठक करने की तैयारी है। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय नेता और प्रदेश के वरिष्ठ नेता नए पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देंगे। बैठक इस माह के अंत में या फिर अगले माह के पहले सप्ताह में होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास पर गए हैं, ऐसे में उनके लौटने के बाद ही बैठक होने की संभावना है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाने का काम किया। इसके बाद पहले बूथों के चुनाव कराए गए। भाजपा के पहले 405 मंडल थे। इसमें 71 और नए मंडल बनाकर मंडलों की संख्या 476 कर दी गई है। इसी के साथ 35 संगठन जिलों में एक बिलासपुर ग्रामीण जिला बनाकर इनकी संख्या को 36 कर दिया गया है। प्रदेश संगठन ने मंडलों के साथ ही जिलों में भी जिलाध्यक्षों के पदों पर नए चेहरों को मौका दिया है।

### आएंगे राष्ट्रीय नेता

प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी बनने के बाद अब प्रदेश संगठन प्रदेश स्तर की एक बड़ी बैठक कराने की तैयारी कर रहा है। वैसे तो पहले बैठक को 29 अगस्त को कराने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन अब चूंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास पर चले गए हैं, तो उनके लौटने पर ही यह बैठक होगी, ऐसा कहा जा रहा है। वैसे राष्ट्रीय नेताओं का समय मिलने पर इस माह के अंत में भी बैठक के होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन मिलेगा। अगर मुख्यमंत्री के लौटने के बाद बैठक होती है तो उनका भी मार्गदर्शन सभी नए पदाधिकारियों को मिलेगा। बैठक में प्रदेश संगठन के भी सभी पदाधिकारी रहेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी में भी करीब दो दर्जन नए चेहरों को पद दिए गए हैं।

**छत्तीसगढ़ संवाद**
**(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**वेबसाइट - http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771-2512580**

क्र. 2135 / छ.ग.सं / प्रकाशन / 2025 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 19/08/2025

**डिजिटल, टीवी/एल. ई. डी. टीवी/स्मार्ट एल. ई. डी. टीवी के माध्यम से राज्य शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा डिजिटल टीवी/एल.ई.डी टीवी / स्मार्ट एल. ई. डी. टीवी के माध्यम से राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है:–

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 2,360/– (जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 1,00,000/– (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| प्रि–बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 02/09/2025 समय 3:30 बजे अपरान्ह (छत्तीसगढ़ संवाद भवन के प्रथम तल में स्थित बैठक कक्ष में आयोजित होगी) (प्री–बिड सुझाव दिनांक 03 09, 2025 तक जमा करना अनिवार्य है) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 23/09/2025 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/09/2025 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 23/09/2025 समय 4:00 बजे सायं से |

संवाद 44981

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर, छत्तीसगढ़

**कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़**
Phone No. 0771-2263708, Fax No.-2262558,
www.tribal.cg.gov.in, Email-prayas.ctd@gmail.com

क्रमांक/प्रयास/160/2025–26/6421 नवा रायपुर, दिनांक 19/08/2025

**तृतीय प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थियों को काउंसलिंग में उपस्थित होने की सूचना**

**विषय :- नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव एवं बलरामपुर में कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु तृतीय प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को काउंसलिंग में उपस्थिति होने की तिथि सूचना बावत।**

नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव एवं बलरामपुर में सत्र 2025–26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार तृतीय प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। तृतीय प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें, काउंसलिंग की तिथि, समय एवं काउंसलिंग स्थल का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रं. | वर्ग | काउंसलिंग दिनांक व समय | काउंसलिंग स्थल |
|---|---|---|---|
| 01 | अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (PVTG) बालक | दिनांक 29.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू, उरकुरा मार्ग, व्ही.आई.पी. सीटी कालोनी के सामाने जिला रायपुर |
| 02 | अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (PVTG) बालिका | | |
| 03 | अनुसूचित जाति बालक/बालिका | | |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग बालक/बालिका | दिनांक 30.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू, उरकुरा मार्ग, व्ही.आई.पी. सीटी कालोनी के सामाने जिला रायपुर |
| 05 | सामान्य वर्ग बालक/बालिका | | |

विद्यार्थी निर्धारित काउंसलिंग तिथि को अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–
1. विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र। 2. सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं जाति प्रमाण पत्र। 3. वर्ष 2024–25 में कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र। 4. यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र। 5. शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोडने का प्रमाण पत्र। 6. विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र। 7. सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र। 8. 02 स्वयं का पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो।
आवश्यक निर्देश:–1. मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक/पालक को काउंसलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी। प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक काउंसलिंग फार्म प्राप्त कर भर कर जमा करना अनिवार्य होगा, तत्पश्चात काउंसलिंग फार्म उपलब्ध नहीं कराया जावेगा। 2. निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नही होने की स्थिति में रिक्त सीट के आधार पर संस्था आबंटित किया जावेगा।

अपर संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.

जी-252602973/2

# भाजपा ने कहा-नए विधेयक पर राहुल का बयान निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने गंभीर आपराधिक आरोप में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के लगातार 30 दिनों तक जेल में रहने की स्थिति में स्वतः पद से हटाने के प्रावधान वाले संसद में प्रस्तुत 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर कांग्रेस के विरोध पर जमकर निशाना साधा है। श्री ठोकने ने कहा कि इस विधेयक से जनप्रतिनिधियों में नैतिक आचरण का आग्रह बढ़ेगा। श्री ठोकने ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस विधेयक को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान को निंदनीय बताया जिसमें गांधी ने जो राजा चाहे वही कानून कहकर इस विधेयक का विरोध किया है। श्री ठोकने ने कहा, यह कहने से पहले राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि यूपीए शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के जनप्रतिनिधियों से जुड़े एक अध्यादेश को भरी प्रेस कांफ्रेंस में फाड़कर राहुल गांधी ने अपने आपको राजकुमार बताने का काम किया था। इसी प्रकार कांग्रेस पार्टी ने कई बार विरोधी दलों की सरकार को आर्टिकल 356 का उपयोग करके गाहे-बगाहे बर्खास्त करके सामंती आचरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने लोकतंत्र के गौरव व मर्यादा की रक्षा के लिए लगातार कार्य किया है। श्री ठोकने ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के हालिया बयानों के मद्देनजर कहा, श्री बघेल व श्री बैज अपने संगठन की दुर्दशा पर विचार करना छोड़ भाजपा और प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते आ रहे हैं। श्री ठोकने ने सवाल किया कि क्या श्री बघेल और श्री बैज ने विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में हुई लगातार हार की समीक्षा की है।

**Nava Raipur Atal Nagar Vikash Pradhikaran**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com

NIT No.:/R-19/PRJ/NRANVP/2025 Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 12/08/2025

Online Tenders are invited for "Allotment of Various Industrial Plots at Sector 05, Nava Raipur Atal Nagar". Details of the projects are as below:

| S. No | System Tender No. | Notice Inviting Tender No. | Location of Project | Plot Area (In Sq.mt.) approx. | Reserved Land Premium (INR/Sq.mt.) | EMD (INR Lakhs |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173441 | 6955 | Industry Plot 18/6, Sector - 05 | 22,625.0911 (5.59 Acre | 2,092.00 | 48.00 |
| 2 | 173442 | 6956 | Industry Plot 15/7, Sector - 05 | 4229.37 (1.045 Acre) | 2,092.00 | 8.90 |
| 3 | 173444 | 6957 | Industry Plot 15/8, Sector-05 | 4229.37 (1.045 Acre | 2,092.00 | 8.90 |
| 4 | 173445 | 6958 | Industry Plot 15/14, Sector - 05 | 4,230.231 (1.045 Acre) | 2,092.00 | 8.90 |
| 5 | 173446 | 6959 | Industry Plot 15/15, Sector - 05 | 4,230.231 (1.045 Acre) | 2,092.00 | 8.90 |
| 6 | 173447 | 6960 | Industry Plot 15/16, Sector - 05 | 4,230.231 (1.045 Acre) | 2,092.00 | 8.90 |

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.
* Date and Time of Pre-bid meeting at 12:00 PM on 01st September 2025
* Last Date for Online submission of Tender up to 03:00 PM on or before 15th September 2025
* Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid up to 03:00 PM on or before 17th September 2025
* Opening of Technical Bid after 03.30 PM on 17th September 2025


The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website https://eproc.cgstate.gov.in


**Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper. Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.**
**(Approved by CEO)**

S- 44988

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar


## राशिफल



**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।


**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।



**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।


**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।



**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।


**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।


**वृश्चिक** पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 148 एवं 149 दिनांक 02.07.2025 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-252602987/4

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय, NAAC A++)**
**कोनी, बिलासपुर-495 009 (C.G.) भारत, दूर.. +91-7752-260342 फैक्स +91-7752-260154**

क्रमांक 678 /प्रवेश / अकादमी /25 **प्रवेश सूचना (2025–26)** बिलासपुर, दिनांक: 21.08.2025

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु पालि भाषा में डिप्लोमा (दो सेमे) एवं सर्टिफिकेट (छः माह) पाठ्यक्रमों के लिए प्रावीण्यता के आधार पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है–

अ) प्रवेश हेतु उपलब्ध कार्यक्रम–
Diploma in Pali Language (In Standalone and Add-on Mode) & certificate in Pali Language (In Standalone and Add-on Mode)

(ब) प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, सीट संख्या, आरक्षण नीति, शुल्क, छात्रवृत्ति, महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं आवेदन कैसे करें आदि विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ggu.ac.in पर "Pali Language Admission link" का अवलोकन करें।


(स) आवेदन प्रक्रिया शुल्क UR/OBC/EWS के लिये Rs. 450.00 एवं SC/ST/PWD के लिये Rs. 250.00

(द) महत्वपूर्ण तिथियाँ–

आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि– : 21.08.2025
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– : 30.08.2025

कुलसचिव (कार्यवाहक)


## शब्द पहेली - 5964



**बाएँ से दाएँ**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

### शब्द पहेली -5963 का हल



## सूडोकु नवताल - 5974

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| 2 | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5973 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# डिजिटल अरेस्ट कर मनी ट्रेल कर रकम कंबोडिया भेजने 50 से ज्यादा अकाउंट का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के आरोप में गिरफ्तार जालसाजों ने ठगी की रकम मनी ट्रेल कर कंबोडिया, थाईलैंड भेजने 50 से ज्यादा अकाउंट का इस्तेमाल किया है। जालसाज रकम ट्रांसफर करने अलग-अलग राज्यों के बैंक खातों का उपयोग करते थे। रेंज साइबर पुलिस ने ठगी के लिए इस्तेमाल 40 के करीब बैंक अकाउंट को फ्रीज कराया है। जिन अकाउंट के माध्यम से ठगी की रकम मंगाई गई थी, रेंज साइबर पुलिस ने उन अकाउंट को फ्रीज कराया है।

- रकम कई टुकड़ों में काटकर भेजी जाती थी
- 0 रेंज साइबर पुलिस ने 50 से ज्यादा बैंक अकाउंट कराए फ्रीज

जालसाजों से पूछताछ में रेंज साइबर पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जालसाजों ने पुलिस को बताया है कि वे ठगी की रकम ट्रांसफर करने मनी ट्रांसफर करने वाले लोगों से भी संपर्क करते थे। पुलिस से बचने म्यूल अकाउंट में आई राशि को निकालकर मनी एक्सचेंज का काराबोर करने वाले लोगों से संपर्क करते थे। इसके बाद वह राशि डॉलर में कन्वर्ट कराकर कंबोडिया, थाईलैंड भेजते थे। अलग-अलग प्लेटफार्म से राशि भेजे जाने की वजह से 35 से 40 प्रतिशत की राशि कमीशन के रूप में कट जाती थी।

### सेंट्रल एजेंसी से बचने छोटी राशि भेजते थे

पूछताछ में जालसलाजों ने पुलिस को बताया है कि कंबोडिया, थाईलैंड टुकड़ों में छोटी रकम ट्रांसफर की जाती थी। छोटी रकम भेजे जाने का कारण जालसाजों ने केंद्रीय एजेंसियों से बचना बताया। जालसाजों ने जैसा रेंज साइबर पुलिस को बताया है, उसके मुताबिक कंबोडिया, थाईलैंड पैसा भेजने उन्हें ज्यादा अकाउंट की जरूरत पड़ती थी। इस वजह से जालसाजों की एक टीम घूम-घूमकर अकाउंट की व्यवस्था करने में लगी रहती थी।

### हर बार नए अकाउंट की व्यवस्था

जालसाजों से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि उन्होंने जिन-जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया है, उन लोगों की ठगी की रकम ट्रांसफर करने के साथ मंगाने के लिए हर बार नए अकाउंट की व्यवस्था करते थे। इसके कारण जालसाज पुलिस के शिकंजा में फंसने से बचते आ रहे थे।

### दो दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ की ठगी

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बनाने वाले जालसाजों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने हिंदी भाषी राज्यों के दो दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ ठगी की है। जालसाजों ने लोगों के साथ कितने की ठगी की है, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। कंबोडिया तथा थाईलैंड में बैठे जालसाजों के गुर्गों के बारे में तथा उनके अकाउंट के बारे में जानकारी जुटा ली है। जालसाजों तक कंबोडिया तथा थाईलैंड में और पैसा नहीं पहुंचे, इसके लिए रेंज साइबर पुलिस उनके उन अकाउंट को भी फ्रीज कराने की प्रक्रिया कर रही है।

### महत्वपूर्ण जानकारी मिली है

पूछताछ में जालसाजों से कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जालसाजों से पूछताछ के आधार पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले जालसाजों के अन्य साथियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

- निशित अग्रवाल, डीएसपी, रेंज साइबर पुलिस

# खनिज राज्य और देश के सर्वांगीण विकास की रीढ़: दयानंद

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने कहा, खनिज किसी भी राज्य और देश के सर्वांगीण विकास की रीढ़ होती है। राज्य में स्ट्रेटजिक एवं क्रिटिकल मिनरल की खोज राज्य में विकास के एक नए युग की शुरुआत का संकेत देती है। उन्होने कहा, छत्तीसगढ़ में खनिज अधारित नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में विद्यमान विभिन्न खनिजों का सतत एवं व्यवस्थित तरीके से अन्वेषण किया जाना चाहिए।

- राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव की 25वीं बैठक

बैठक में उपस्थित अन्वेषण कार्यो से संबद्ध सभी विभागों एवं संस्थानों से यह आग्रह किया गया कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए वे अपनी कुशलता, संसाधन एवं उपलब्ध नवीनतम तकनीकियों का उपयोग कर प्रदेश में पाये जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों का अन्वेषण करें। मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज सचिव दयानंद ने छत्तीसगढ़ में खनिज के विकास के लिए कार्य करने वाली एजेंसियों के मध्य समन्वय स्थापित किये जाने की सलाह दी।

राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ की रजत महोत्सव के रूप में 25वीं बैठक सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाऊस में किया गया था। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश को खनिज राजस्व के रूप में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। यह उपलब्धि वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक है। छत्तीसगढ़ राज्य में खनिज अन्वेषण एवं खनिज दोहन के क्षेत्र में कार्यरत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों के द्वारा वर्ष 2024-25 में किये गये भू-वैज्ञानिक कार्यो की समीक्षा की गई। वही प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों की खोज के लिए प्रस्तावित भू-वैज्ञानिक कार्यो को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म रजत बंसल के द्वारा क्षेत्रीय सत्र 2024-25 में सम्पन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2024-25 में लगभग 2500 मिलियन टन चूनापत्थर एवं लौह अयस्क के लगभग 93 मिलियन टन भण्डार आंकलित किये गये। आगामी क्षेत्रीय सत्र 2025-26 के अन्वेषण परियोजनाओं में विभाग द्वारा महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों को शामिल किया गया है। यह परियोजना देश के लिए आवश्यक खनिज संसाधनों की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा।

**भारत सरकार ने स्वीकृत किया अन्वेषण प्रोजेक्ट :** खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में एनएमइटी के तहत वर्ष 2024-25 में चूनापथर एवं बाक्साइट के लिए 1-1 अन्वेषण परियोजना की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसमें एक लिथियम, नियोबियम, टेण्टेलम, टाईटेनियम दुर्लभ मृदा धातुएं एवं एक लौह अयस्क के प्रस्ताव सम्मिलित है। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के उप महानिदेशक डॉ. अमित धारवारकर द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बाक्साइट, गोल्ड, ग्लूकोनाइट, लिथियम, टाईटेनियम दुर्लभ मृदा धातुएं, फास्फोराइट, फ्लोराइट, लेड एवं जिंक खनिज के लिए सर्वेक्षण कार्य किया गया है। वर्ष 2025-26 में विभिन्न खनिजों के कुल 29 परियोजनाओं पर कार्य लिया जा रहा है।

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

# ज्वेलरी शॉप में धावा, डेढ़ लाख के कैश-जेवर पार

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक ज्वेलरी शॉप कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी सहित डेढ़ लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंदखुरी मेनरोड स्थित ज्वेलरी शॉप के संचालक सुखनंदन कोसले ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुखनंदन ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान के शटर का ताला तोड़कर आलमारी में रखी ज्वेलरी तथा नकदी चोरी कर ले गया।

### दो सूने मकानों से डेढ़ लाख की चोरी

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में दो अलग-अलग लोगों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़कर एक लाख 60 हर रुपए कैश, घरेलू सामान सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलबाजार में किराए के मकान में रहने वाला पेशे से राजमिस्त्री नारद ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। जनता कालोनी निवासी रंजीत कामल ने 60 हजार रुपए सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों चोरी की घटनाएं बुधवार की हैं।

### सिलयारी में पुलिस टीम पर हमला, केस दर्ज

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सिलयारी के प्रधान आरक्षक तथा महिला कोटवार के साथ एक परिवार ने मारपीट की है। पुलिस टीम शराब बिक्री करने के शक में जांच करने एक घर गई थी। पुलिस को आते देख गजेंद्र घृतलहरे, मनोज, मोनिका और उनके अन्य परिजनों ने हेड कांस्टेबल हरिशचंद्र बंजारे एवं पुलिस स्टाफ पर हमला बोल दिया। पुलिस के साथ पहुंची महिला कोटवार रानी मानिकपुरी के साथ गजेंद्र तथा उसके परिजनों ने धक्का मुक्की कर मारपीट की।

### डीडीनगर में युवक पर चाकू से किया हमला

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक युवक ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ घूरने के विवाद पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश कुमार मिश्रा ने अज्ञात युवकों के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ डगनिया तालाब के पास बैठा था। इस दौरान दो स्कूटी सवार अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और घूरने की बात को लेकर विवाद करने लगा। एक युवक ने राजेश पर हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 **(38507)**

**आवश्यकता है-** सुबह 9 बजे से शाम 6:30 बजे तक घर में सभी घरेलू काम करने के लिए कामवाली बाई एवं खाना बनाने वाली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9685901101 **(38513)**

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम में कार्य हेतु ईमानदार, जिम्मेदार, अनुभवी स्टाफ चाहिए। ज्वेलरी शोरूम में काम किए हुए स्टाफ को प्राथमिकता सम्पर्क करें- गुरुनानक जेम्स एंड ज्वेल्स सदर बाजार बिलासपुर 74893 15615 **(38490)**

**आवश्यकता है-** मैनेजर 1पद (उम्र 25वर्ष से ऊपर) झाड़ू पोछा हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन 10000 या योग्यता, समय अनुसार, ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- प्रबन्धक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 **(38508)**

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान हेतु (1) अनुभवी सेल्समैन (2) पैकिंग कार्य व लोकल में माल लाने और छोड़ने हेतु लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करे- जगत एजेन्सीज मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर **(38510)**

**आवश्यकता है-**स्किन क्लीनिक में कार्य करने के लिए दो महिला नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7697312555 **(38483)**

**आवश्यकता है-** दो ग्राफिक डिजाइनर की अतिशीघ्र आवश्यकता है जिसे कोरलड्रा और फोटोशॉप का अनुभव हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9131155033, 98271 80896 **(38515)**

**आवश्यकता है-** फर्निशिंग शोरूम अर्बन लिविंग 27 खोली मुंगेली नाका चौक बिलासपुर में काउन्टर सेल्स के लिए कार्य करने हेतु 20 लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109090000, 83193 97645 **(38516)**

**आवश्यकता है-** थोक सर्जिकल दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- छाबड़ा मेडिको सर्जिको मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(38512)**

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी लड़कों एवं रिक्शा चालक की आवश्यकता है पेमेंट भरपुर मात्रा में सम्पर्क करें- नैतिक ट्रेडर्स, सरजू बगीचा बिलासपुर 7711006641 **(38511)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में लड़के, लड़कियों एवं माल पैकिंग, डिलिवरी हेतु लड़के (पढ़ाई जरुरी नहीं) तथा रिटेल काउन्टर संभालने हेतु लड़कों आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबंद बिलासपुर 91110 00629 **(38505)**

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स दुकान में कार्य हेतु लड़की (वेतन 6000-11000) एवं साक्षी प्रा. ITI में कम्प्यूटर आपरेटर, आफिस में कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 7000-10000 सम्पर्क करें- छाया स्पोर्ट्स सदर बाजार बिलासपुर **(38503)**

**आवश्यकता है-** सीए ऑफिस में एकाउंटिंग एवं ऑडिट कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। केवल सीए ऑफिस में कार्य किए अनुभवी सम्पर्क करें- जाजोदिया चौरसिया एण्ड कम्पनी मध्यनगरी चौक बिलासपुर 9981120020 **(3176)**

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित होटल में कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर एवं हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल शुभश्री उस्लापुर रेल्वे स्टेशन के पास बिलासपुर 76971 10111 **(38502)**

**आवश्यकता है-** दयानन्द विद्यालय कार्यालय में कम्प्यूटर कार्य हेतु कम्प्यूटर की जानकार शिक्षिकाओं की आवश्यकता है सम्पर्क करें- समय प्रातः 8 से 11 बजे दयानन्द विद्यालय आर्य समाज मन्दिर नदी किनारे गोड़पारा बिलासपुर **(38504)**

**आवश्यकता है-** गल्फ लुब्रिकेन्ट आयल डिस्ट्रीब्यूटर को अनुभवी सेल्स रिप्रेजेंटिव की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मनीत आटोमोबाइल्स बिलासपुर 9752527979 **(38496)**

**आवश्यकता है-** श्री गणेश होम्स में 2 पद ऑफिस स्टॉफ एवं 2 पद ऑफिस बॉय आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सिद्ध शिखर अपार्टमेंट रिंग रोड नं-2, शांति नगर मंगला चौक बिलासपुर 7415552666 **(38495)**

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रुपए सम्पर्क करें- 9754293974 **(38494)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस ब्वाय- 3 पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, ऑटो चालक एवं सफाई कार्य करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है। वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 09575 488884 **(38499)**

**आवश्यकता है-**फर्निशिंग शॉप में काम करने के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें-कन्हैया डेकोर श्री मीरा टावर, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर 07752-230033 **(38485)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में लोडिंग अनलोडिंग हेतु दो लड़के देखकर समान निकालने हेतु लड़कियां लोडर गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर के साथ सामान सेल्समैन हेत दो लड़के। पता- Nt@s व्यापार विहार बिलासपुर 07752 411422 **(38497)**

**आवश्यकता है-**रिशेपनिस्ट - 2 (Male), ड्राइवर-1, गार्ड-2 हाउस कीपिंग-4 चाहिए वेतन योग्यतानुसार रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें- 10am to 8pm होटल डाउन टाउन राजकिशोर नगर बिलासपुर 9144555000, 07752 419051, 9516300022 **(38486)**

**आवश्यकता है-** सफाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था बिजली पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका 18-25 वर्ष के लड़के, 11000 मासिक+ प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 84481 07841, 9302708426 **(216)**

**आवश्यकता है-** नेहरु नगर स्थित घर में खाना बनाने एवं गृह कार्य करने हेतु सुबह से शाम तक के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000370264 **(38479)**

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड (10वीं) उम्र 25 से 50वर्ष सुरक्षा कार्य जानकार, स्वस्थ, जिम्मेदार एवं इलेक्ट्रीशियन डिप्लोमाधारी (बिजली कार्य जानकार) (आवेदन की अंतिम तिथि 25/8/2025) सम्पर्क करें- रामावैली कॉलोनी मेनटेनेंस आफिस बिलासपुर 8770153142 **(38498)**

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई, ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार, आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 8253010291, 8889997826, 80852 33213 **(38449)**

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में रिटेल मार्केटिंग के लिए 12वीं पास लड़का जो की सेल्समेंन काम कर सके और ड्राइवर की भी आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 7469980000, 0771-4075490 **(6777)**

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिलानुसार लड़के- लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी(27500+ 56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)-7054311719 **(1114)**

**आवश्यकता है-**इंस्टीट्यूट में पढ़ाने हेतु नर्सिंग/ बायोलॉजी टीचर एवं ऑफिस में साफ सफाई करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दोपहर 12 बजे से 4बजे 8770068557 **(38489)**

**आवश्यकता है-**बिलासपुर शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों में सुरक्षा हेतु लम्बे तगड़े लड़के, लड़कियां भारी मात्रा में सुरक्षा गार्ड हेतु चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 9000 से 11000 तक सम्पर्क- 88393 26096, 8966089060 **(38484)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की। सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे गीतांजलि विहार बिलासपुर 7987392821, 74407 45153 **(228)**

**आवश्यकता है-**रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5फीट 6इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF+ESIC+ खाने की सुविधा सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114 **(6764)**

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490 **(6776)**

**आवश्यकता है-**टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन, वेतन 4000+ कमीशन सम्पर्क करें- तोरवा पावर हाउस बिलासपुर 6260596980 **(1112)**

**आवश्यकता है-**टेली कॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु 18 से28वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- आराध्या हॉस्पिटल के पास शिवघाट महामाया चौक 8982378857 **(219)**

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में अटेंडर युवती की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। कॉलिंग टाईम दोपहर 3बजे से 4बजे तक सम्पर्क करें- कल्याण दन्त चिकित्सालय नियर मैग्नेटो मॉल श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर 9691884193 **(222)**

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है, (वेतन योग्यतानुसार) संपर्कः- लक्की प्लास्टिक बजरंग कॉम्प्लेक्स तेलीपारा रोड पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 9301194380, 7000181473 **(226)**

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कम्पनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9798472261 **(1110)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु आवश्यकता 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 90394 70547, 8815522974 **(368)**

**आवश्यकता है-**नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 92291 87457 **(1113)**

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व कॉपी बनाने एवं अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 am To 7 pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 9074741377 **(225)**

**आवश्यकता है-** पेन्सिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है सम्पर्क करें- 8873762120 **(589)**

## बेचना

**बेचना है-** भारतीय नगर शिव मन्दिर के पास नवनिर्मित माधव तालाब के बगल में 2236 वर्गफीट जमीन पर 5BHK डबल स्टोरी बना फर्निश्ड मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 94252 28826 **(38509)**

**बेचना है-** रियांश श्री स्टार होटल से 200 मीटर की दूरी पर तखतपुर के जरौंधा गांव में मेन रोड से 100 मीटर अन्दर 6000 वर्गफुट प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9691732957, 79997 98836 **(38514)**

**बेचना है-**40×75= 3000 पश्चिम मुखी 25फीट रोड में पुराना मकान टिपटॉप बना, जैन हॉस्टल वाली गली में विनोबा नगर में जमीन की कीमत में। कीमत 5500/- फुट सम्पर्क करें- 9131242092, 98279 38236 **(38487)**

## किराया

**किराया-** रतनपुर महामाया मन्दिर चौक मेन रोड भूतल में 28×51= 1400 वर्गफुट हॉल बैंक, ऑफिस कम्पनी आउटलेट, सुपर बाजार के लिये रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के साथ किराये से देना है किराया 40 हजार सम्पर्क करें- 92013 45874, 9981313076 **(38501)**

## फाइनेन्स

**फायनेंस-** आधारकार्ड पे लोन लेबर कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड, पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, कृषि आदि लोन 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज 50% छूट संपर्कः- 9310481187 **(218)**

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाए संपर्क -9311830460 **(221)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## खबर संक्षेप



### विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, हीथर की वापसी

**लंदन।** पूर्व कप्तान हीथर नाइट को आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली जबकि भारत के खिलाफ हाल में हुई श्रृंखला से बाहर रहने के बाद साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। दाएं पैर की मांसपेशियों में टेंडन की चोट के कारण पिछले कुछ महीनों तक बाहर रहने के बाद नाइट ने टीम में वापसी की है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उने 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम में शामिल चार विशेषज्ञों स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं।

### खेल दिवस पर देश में होंगे तीन दिन कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय इस साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें नागरिकों को 'एक घंटा खेल के मैदान पर' देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा,' जब भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को यह दिखाना जरुरी है कि देश में खेल अब जन आंदोलन का रुप ले रहा है।'

### सेमीफाइनल में श्रुति सारिका और काजल




**समोकोव (बुल्गारिया)।** भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की। सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से होगा।

### 23 अगस्त से राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की सात साल बाद शहर में वापसी हुई है। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसकी कुल इनामी राशि आठ लाख रुपए है।



प्रतियोगिता की मेजबानी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम करेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'इस साल की चैंपियनशिप के लिए उत्साह अभूतपूर्व है। हमारे छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 100 में शामिल हैं और सभी इसमें भाग ले रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारे शीर्ष खिलाड़ियों के खेलने के कारण हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है और मेरा मानना है कि यह प्रतियोगिता देश भर के कई और खिलाड़ियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।'

---

**द हंड्रैड**

# हेनरी ने चौंकाया, 16 बॉल फेंकी डॉट, 5 रन देकर चटकाए दो विकेट, बने दूसरे किफायती गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड में खेले जा रहे द हंड्रैड में न्यूजीलैंड के धाकड़ गेंदबाज मैट हेनरी ने कमाल कर दिया है। हेनरी ने महज 20 गेंदों में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिससे उनका नाम द हंड्रैड के इतिहास में दर्ज हो गया है। हालांकि, हेनरी का ये कारनामा उनकी टीम को जीत नहीं दिला सका लेकिन फिर भी उनकी गेंदबाजी ने सभी को चौंका दिया। दरअसल, मैट हेनरी ने वेल्श फायर और साउदर्न ब्रेव के बीच कार्डिफ में खेले गए द हंड्रैड 2025 के 21वें मुकाबले में गेंद से कहर बरपाया। हेनरी ने





20 गेंदों में 16 गेंदें डॉट फेंकी। उन्होंने सिर्फ 5 रन खर्च किए और साउदर्न ब्रेव के 2 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस तरह वह द हंड्रेड के इतिहास में दूसरा सबसे किफायती स्पेल डालने वाले गेंदबाज बन गए। बता दें, द हंड्रेड में सबसे किफायती गेंदबाजी का रिकॉर्ड स्पेंसर जॉनसन के नाम है। जॉनसन ने साल 2023 में अपनी 20 गेंदों में सिर्फ 1 रन देकर तीन विकेट झटके थे। वेल्श फायर बनाम साउदर्न ब्रेव मैच में भले ही स्पेंसर जॉनसन का रिकॉर्ड नहीं टूट सका लेकिन द हंड्रैड में मैट हेनरी की गेंदबाजी का डंका बज गया।

### साउदर्न ब्रेव की रोमांचक जीता

*मैट हेनरी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेल्श फायर की टीम साउदर्न ब्रेव को 129/8 रन के स्कोर पर रोकने में सफल रही लेकिन जीत हासिल नहीं कर सकी। 130 रनों के लक्ष्य के जवाब में वेल्श फायर की टीम 100 गेंदों में 8 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। इस तरह साउदर्न ब्रेव ने 4 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।*

### आर्चर ने झटके सबसे ज्यादा विकेट

*साउदर्न ब्रेव के लिए गेंदबाजी में इंग्लिश गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा विकेट झटके। आर्चर ने 20 गेंदों में 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने 9 गेंदें डॉट फेंकी। आर्चर के अलावा जेम्स कोल्स और क्रेग ओवरटन ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। गौरतलब है कि द हंड्रैड 2025 में साउदर्न ब्रेव 6 मैचों में 12 पॉइंट के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है जबकि वेल्श फायर 5 मैचों में अब तक सिर्फ एक ही जीत दर्ज कर सकी है। वेल्श फायर 4 पॉइंट के साथ आखिरी पायदान पर है।*

---

कड़े मुकाबले में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 से हराया

# अमेरिकी ओपन : इरानी और वावसोरी ने जीता मिक्सड डबल्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर ( करीब 8.71 करोड़ रुपए ) की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने पहले इस नए प्रारुप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।



### 24 अगस्त से शुरू होंगे सिंगल मुकाबले

*वावसोरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।*

### हमारे लिए खेलना जरूरी था

*वावस्सोरी ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे लिए खेलना जरूरी था। जैसे, मुझे कहना होगा कि यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह वाकई एक संदेश था कि युगल मुकाबले कुछ बेहतर बन सकते हैं। स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। लोग इसका आनंद ले रहे थे। अगर कुछ काम नहीं करता है, जैसे, हमने आज दिखाया कि वह काम कर रहा है। लोग तो पागल हो रहे थे। यह एक ऐसा माहौल था, जिसका आनंद युगल खिलाड़ियों को कम ही मिलता था और अमेरिकी ओपन के आयोजकों ने भी यही चाहा था जब उन्होंने अपने टूर्नामेंट में आमूलचूल परिवर्तन किया और इसे एकल मुकाबले शुरू होने से पहले रविवार को आयोजित किया, इस उम्मीद में कि टेनिस के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी इसमें खेलेंगे।*

### अमेरिकी ओपन में नहीं चल पाए बड़े नाम

इस आयोजन में पूर्व अमेरिकी ओपन एकल चैंपियन कार्लोस अल्काराज, एम्मा राडुकानू, नोवाक जोकोविच, नाओमी ओसाका और डेनियल मेदवेदेव जैसे दिग्गज शामिल थे, जो पहले दिन ही हार गए थे। उनके बिना भी,आर्थर ऐश स्टेडियम में हुए तीनों मैचों के लिए लगभग सभी सीटें भरी हुई थीं, हालाँकि दोपहर में ज़्यादातर बारिश होने के कारण स्टेडियम की छत बंद थी।

### अमेरिकी टेनिस संघ ने उठाया साहसिक जोखिम

रूड ने स्वीकार किया कि अमेरिकी टेनिस संघ ने अपने बदलावों के साथ एक साहसिक जोखिम उठाया है,आलोचकों का कहना है कि इसने चैंपियनशिप को, पहले तीन राउंड में चार सेटों तक छोटा करके, एक शानदार प्रदर्शन में बदल दिया है, न कि पहले के दो हफ़्ते, 32-गेम वाले आयोजन में। लेकिन युगल में विशेषज्ञता रखने वाले खिलाड़ी भी इस बात से सहमत थे कि इस आयोजन को उनकी आदत से कहीं ज़्यादा ध्यान मिला।

---

सिंकफील्ड कप

# गुकेश को सेवियन ने ड्रॉ पर रोका, प्रज्ञाननंदा ने बांटे अंक



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

---

**न्यायालय तहसीलदार अड़भार, जिला-सक्ती छ.ग.**
रा.प्र.क्र.202508311000003/अ-19 (3)/2024-25
ग्राम-सकर्रा , तहसील अड़भार जिला सक्ती छ.ग.

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सकर्रा को सूचित किया जाता है कि नोडल अधिकारी छ.ग. स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन शाखा सक्ती को भूमि आबंटन हेतु ग्राम सकर्रा स्थित शासकीय भूमि ख.न. 1679 एवं 1680 में से रकबा 25.00 से 30.00 एकड़ भूमि शासकीय भूमि हस्तांतरण हेतु पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. मालखरौदा जिला सक्ती छ.ग. से प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति हो, तो वह अपना आपत्ति निर्धारित पेशी दिनांक 04/09/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। बाद में किये गये दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर लगाकर ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार अड़भार, जिला सक्ती छ.ग.**

**SOUTH EASTERN COALFIELDS LIMITED**
``A MINI RATNA COMPANY``

**NOTIFICATION**

**Expression of Interest (EoI) for Empanelment of Laboratories, Diagnostic Centers & Imaging centres in South Eastern Coalfields Limited (SECL)**

An Expression of Interest is hereby Invited for Empanelment of Laboratories, Diagnostic Center & Imaging Center for Outdoor referred patients of all areas of SECL (i.e. Johilla Area, Sohagpur Area, Jamuna Kotma Area, Hasdeo Area, Chirimiri Area, Bhatgaon Area, Bishrampur Area, Baikunthpur Area, Raigarh Area, Gevra Area, Korba Area, Dipka Area, Kusmunda Area, SECL HQ Bilaspur). Eligibility criteria & other Specifications are available at SECL website- https://secl-cil.in Application forms should reach in the office of Chief of Medical Services, SECL HQ, 4th floor, Seepat Road, Bilaspur. Last date of submission of application is 20th Sep 2025 at 5 pm.

---

# विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली महिला मुक्केबाजों का होगा लिंग परीक्षण

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है, जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा।

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे। इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती



है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो।' उन्होंने कहा, 'फिर भी मुक्केबाजी जैसे खेल में, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है और इसलिए यह नियम बनाया गया है।'

### 1990 के दशक में नियम को कर दिया किनारा

ओलंपिक खेलों में पहले गुणसूत्र परीक्षण आम था, लेकिन 1990 के दशक में इससे किनारा कर दिया गया था क्योंकि ठोस परिणाम पर नहीं पहुंचा जा रहा था। कई खेलों ने लिंग योग्यता निर्धारित करने के लिए हार्मोन परीक्षण का सहारा लिया, लेकिन इन परीक्षणों के लिए नियामक निकायों को उन खिलाड़ियों को लेकर कड़ा फैसला करना पड़ता है, जिनमें टेस्टोस्टेरोन का स्तर अधिक पाया जाता है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने इसके साथ ही कहा कि परीक्षण कराने और परिणाम प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघों की है। इस साल की शुरुआत में विश्व एथलेटिक्स गुणसूत्र परीक्षण को फिर से शुरू करने वाला पहला ओलंपिक खेल बना था।

**मुंबई ने 2023-24 में रणजी ट्रॉफी का जीता था खिताब**-रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने 2023-24 के सत्र में फाइनल में विदर्भ को हराकर रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता। उनकी कप्तानी में मुंबई ने ईरानी कप और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी जीती थी।

### गेंदबाजों को पास करना होगा ब्रोंको टेस्ट, बीसीसीआई ने बदला फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड खिलाड़ियों की फिटनेस को जांचने के लिए एक नया नियम लाया है। इस नियम का नाम ब्रोंको टेस्ट है। यह रग्बी से क्रिकेट में लिया गया है। इससे खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को परखा जाएगा। साथ ही यह टेस्ट मैदान पर टिके रहने और लंबी दूरी तक रनिंग क्षमता की परीक्षा लेगा। मुख्य रूप ये ब्रोंको टेस्ट गेंदबाजों के लिए है। इस टेस्ट को पास करने के बाद ही खिलाड़ी को टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, खिलाड़ियों के स्टैमिना को बढ़ाने और उन्हें लंबे समय तक फिट रखने के लिए ब्रोंको टेस्ट अनिवार्य किया गया है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**कम सं (1): ई निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी-टी-114-25-26, दिनांक 14.08.2025**
**कार्य:** वरिष्ठ मंडल अभियंता / मध्य / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत यार्ड में आर.सी.सी. नाली का निर्माण।
**निविदा मूल्य** : 8,43,81,783.55/- **अमानत राशि (रु)** : 5,71,900.00/- **कार्य पूर्णता की अवधि** : 18 माह
**निविदा जमा की आरंभ तिथीः** दिनांक 01-09-2025 के 11.00 बजे से । **निविदा जमा की अंतिम तिथी** : दिनांक 15-09-2025 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी ।
**मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)**
सीपीआर/10/AM/259 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा**
E-Mail ID - cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com
क्रमांक/1687/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 चांपा, दिनांक 21.08.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रान्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर. नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 174165 | EXTENSION OF NEW FACILITY IN SAMUDAIK BHAWAN (SWARNKAR SAMAJ) AT WARD NO. 06 (First Call) | 12.62 | दिनांक 11.09.2025 समय 17:30 PM |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in मे डाउनलोड/देखी जा सकती है।
1. Physical Doc Submission End Date 16.09.2025 Time 15.30 pm
2. Online Bid Open Date (Scheduled) 17.09.2025 Time 11.00 am.
इस निविदा एवं निर्माण/मरम्मत/विस्तार कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाणपत्र प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि मे आपत्ति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् चांपा

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**जांच कार्यवाही की सूचना**

झिलिमिली उपक्षेत्र के अन्तर्गत पाण्डवपारा माइन में कार्यरत निम्नलिखित कर्मचारी को अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण आरोप पत्र जारी किया गया था। आरोप पत्र एवं विभागीय जाँच कार्यवाही की बैठक की सूचना नोटिस बोर्ड एवं संबंधित कर्मचारी के बी. फार्म में दर्ज पते पर भेजा गया किन्तु संबंधित कर्मचारी के विभागीय जाँच कार्यवाही में सम्मिलित न होने के कारण जाँच कार्यवाही पूर्ण नही हो पा रही है।

नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के तहत मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अंतिम अवसर प्रदाय करते हुए निम्नलिखित कर्मचारी को अंतिम बैठक हेतु सूचित किया जाता है ताकि अपना बचाव संबंधी पक्ष प्रस्तुत कर सके। बैठक दिनांक एवं समय नाम के समक्ष दी गई है।

अतः संबंधित कर्मचारी को अपने समस्त दस्तावेज, गवाह, सहकर्मी (यदि कोई हो तो) को साथ लेकर उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है उपस्थित न होने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि आरोपी कर्मचारी को अपने बचाव में कोई उपयुक्त स्पष्टीकरण नही है या जांच कार्यवाही में भाग नही लेना चाहते हैं, तदानुसार प्रबंधन, आचार संहिता नियमावली के तहत् एकपक्षीय निर्णय लेते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा।

| क्र. | नाम / पिता का नाम एवं पता | पदनाम | आरोप पत्र क्र. एवं दिनांक | अंतिम बैठक की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री मनोज प्रताप सिंह आ. रामचन्द्र सिंह पता-ग्राम-शिवप्रसादनगर, थाना-भैयाथान, जिला-सुरजपुर (छ.ग.) पिन कोड- 497231 | ज.असि. (कैटे-1) | आरोप पत्र क्र.- 3139 दिनांक 03.03.2024 | 25.09.2025, शाम 5.00 बजे, खान प्रबंधक कार्यालय, पाण्डवपारा कॉलरी |

SECL/25-26/139 जांच अधिकारी, पाण्डवपारा कॉलरी, एसईसीएल,बैकुण्ठपुर क्षेत्र

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / बीएसपी / का. / एनईई / अनु.कार्य. / 2025 / 934 दिनांक 14.07.2025

श्री मनोज कुमार यादव (कर्म. को.सं 24756574)
वरि. सुरक्षा प्रहरी सुरक्षा विभाग
एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर

पंजीकृत ए / डी द्वारा भेजी जाए
स्थायी पता- तिवारीपारा खरोद, शिवरीनारायण, जांजगीर चांपा
वर्तमान पता- ए / 205, वसंत विहार कॉलोनी, बिलासपुर

**अभियोग पत्र**

द्वारा:- सुरक्षा प्रमुख एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर

आपके विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है कि आप दिनांक 07.04.2025 से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित है। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 432 दिनांक 24.04.2025 एवं पुनः पत्र क्रमांक 708 दिनांक 17.06.2025 के माध्यम से आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब आपके द्वारा आज दिनांक तक अप्राप्त है।

उक्त कदाचार हेतु पूर्व में किए गए विभागीय कार्यवाही का वियरण निम्नानुसार हैः-
01. दिनांक 11.05.2024 से 29.05.2024 तक अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित होने के संबंध में प्रबंधक (का. / एनईई) द्वारा पत्र क्रमांक 429 दिनांक 30.05.2024 के माध्यम से कड़ी अंतिम चेतावनी दी गई ।
02. 01.10.2024 से अपने कार्य में अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित होने के संबंध में प्रबंधक (का / एनईई) द्वारा पत्र क्रमांक 880 दिनांक 08.11.2024 के माध्यम पत्र जारी किया गया, तदोपरांत पत्र क्रमांक 890 दिनांक 11.11.2024 के माध्यम से पुनः चेतावनी के साथ कार्य पर उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की गई।

आपका यह कृत्य एसईसीएल के कर्मचारियों पर लागू होने वाले प्रमाणित स्थायी आदेश की धारा 26 के निम्नलिखित उपखण्डों का उल्लघंन है एवं कदाचार की श्रेणी में आता है:
26.22- जानबूझकर किया गया ऐसा कार्य जिससे अनुशासन भंग होता हो।
26.30 बिना स्वीकृत अवकाश या पर्याप्त कारण के कार्य में अनुपस्थित रहना या स्वीकृत अवकाश से भी अधिक दिन तक कार्य पर अनुपस्थित रहाना।

अतः आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप अपने विरुद्ध लगाए गए उक्त आरोपों के सम्बंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण इस पत्र की प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समयावधि के भीतर आपका स्पष्टीकरण प्राप्त नही होता है तो यह मान लिया जाएगा कि आप अपने विरुद्ध लगाए गए उक्त सभी आरोपों को स्वीकार करते हैं तथा इस संबंध में किसी प्रकार का लिखित में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नही करना चाहते है। तद्नुसार बिना किसी अग्रिम सूचना के गुण-दोषों के आधार पर, आपके विरुद्ध नियमनानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जवाबदेह रहेंगे।

इस आरोप पत्र के साथ **Article of charges, Statement of Imputaions of charges, List of Documents** एवं **List of witnesses** संलग्न की जा रही है।

वरि.प्रबंधक (मा.सं. / एनईई.) / अनुशास्नात्मक अधिकारी
एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर
SECL/25-26/140

# खूबसूरत शरीर की चाहत में महिला ने करवाई सर्जरी, बोलना तक हो गया बंद!

अमेरिका के मियामी में रहने वाली 50 वर्षीय डैडिस पेन्या गार्सेस की ज़िंदगी एक असफल कॉस्मेटिक सर्जरी के बाद पूरी तरह बदल गई है। खूबसूरत दिखने और आकर्षक शरीर पाने के लिए कराई गई ब्राज़ीलियन बट लिफ्ट सर्जरी ने उन्हें चलने, बोलने और यहां तक कि खुद से खाने-पीने लायक भी नहीं छोड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गार्सेस की यह सर्जरी एक ऐसे सर्जन ने की थी, जिसके पास सही ट्रेनिंग और बोर्ड सर्टिफिकेशन नहीं था। सर्जरी के कुछ हफ़्तों बाद ही गार्सेस को पल्मोनरी एंबोलिज़्म (फेफड़ों में खून का थक्का जम जाना) हो गया। इसके कारण उनके दिमाग को गंभीर नुकसान पहुंचा और वे स्थायी रूप से अपंग हो गईं। उनके पति जॉर्ज फर्नांडीज़ ने बताया कि अब उनकी पत्नी न तो खुद चल सकती हैं, न बोल सकती हैं और न ही खाना खा सकती हैं। वे पूरी तरह से उनकी देखभाल पर निर्भर हैं।

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

जॉर्ज का कहना है, 'वह मेरी पहली मोहब्बत थीं अब वे कभी मुझसे बात नहीं कर पाएंगी, न ही सामान्य जीवन जी पाएंगी।' बीबीएल सर्जरी में शरीर के अन्य हिस्सों जैसे पेट, कमर या जांघों से फैट निकालकर उसे हिप्स और बटॉक्स में इंजेक्ट किया जाता है ताकि शरीर को मनचाहा शेप मिल सके।

लेकिन, मेडिकल विशेषज्ञ बार-बार चेतावनी देते रहे हैं कि यह सर्जरी बेहद खतरनाक हो सकती है। कई बार यह जानलेवा भी साबित होती है। गार्सेस ने यह सर्जरी मई 2023 में कराई थी। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में कई महीनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी हालत अब भी गंभीर



बनी हुई है और बेहतर होने की संभावना बहुत कम है। गार्सेस के पति ने अब कानूनी लड़ाई शुरू की है। उनके वकील लावेना सैंटोस का कहना है कि अगर गार्सेस को यह पता होता कि जिस सर्जन से वे इलाज करा रही हैं, वह बोर्ड-सर्टिफाइड प्लास्टिक सर्जन नहीं है, तो शायद वे कभी इतनी खतरनाक सर्जरी के लिए तैयार नहीं होतीं। उन्होंने कहा, 'मरीज को यह बताना जरूरी है कि उसका इलाज कौन कर रहा है। अगर जनता को पता हो कि डॉक्टर प्रशिक्षित या प्रमाणित नहीं है, तो शायद कोई भी अपनी जान जोखिम में डालकर ऑपरेशन नहीं करवाए।' लेकिन, फ्लोरिडा के कानून के मुताबिक, वहां किसी डॉक्टर के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह प्लास्टिक सर्जरी में बोर्ड-सर्टिफाइड हो, तभी वह बीबीएल जैसी सर्जरी कर सके।

### इलाज के लिए परिवार जुटा रहा पैसे

गार्सेस अब पूरी तरह से अपने पति पर निर्भर हैं। उनकी देखभाल और इलाज में भारी खर्च आ रहा है। इसके लिए एक गो फन्ड मी अभियान शुरू किया गया है, ताकि उनकी रोजमर्रा की ज़रूरतें पूरी हो सकें और घर को उनकी सुविधा के अनुसार बदला जा सके। अभियान में बताया गया है कि गार्सेस को सात महीने तक अस्पताल में रहना पड़ा और अब भी वे किसी भी काम को खुद से नहीं कर पा रही हैं। इसके साथ ही लगातार उनका इलाज और मेडिकल बिल बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, बहुत से लोग आज भी केवल आकर्षक शरीर पाने की चाहत में ऐसी सर्जरी करा रहे हैं, जबकि इसके खतरे बार-बार उजागर किए जा चुके हैं।

# झील में चल रही थी कछुओं की राउंड टेबल मीटिंग, देखकर शॉक्ड हुए लोग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुदरत में देखने लायक बहुत सी चीजें हैं, लेकिन इंसान इसे अपने फायदे के लिए खत्म करता जा रहा है। पेड़-पौधे, जीव-जतुं और कुदरत की दुनिया में दिन ब दिन क्षति देखने को मिलती है। इसी बीच आए दिन जीव-जंतुओं के ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिन्हें देखने के बाद दिल खुश हो जाता है। हाल ही में एक वीडियो सामने आया था। जिसमें एक मां बत्तख झील में अपने बच्चों संग छुपन छुपाई खेल रही थी, लेकिन झील से अब जो वीडियो आया है वो आपका मन प्रसन्न कर देगा। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कान खिल रही है। सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को खूब लाइक कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आप देखेंगे कि कछुओं का एक झुंड घेरा लगाकर खड़ा है और उनके बीच दो कछुओं को मीटिंग करते देखा जा रहा है। देखने में यह वीडियो बेहद प्यारा है, क्योंकि यह जीव इंसानों की तरह गोलमेज सम्मेलन कर रहा है। इस वीडियो ने लोगों का ध्यान तेजी से अपनी ओर खींचा है और इस पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है।




# आशिक का खतरनाक ड्रामा, लव मैरिज की जिद में चढ़ गया हाई टेंशन टावर पर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

प्यार में इंसान कई बार ऐसे-ऐसे कदम उठा लेता है, जिनके बारे में सोचना भी मुश्किल होता है। ऐसा ही कुछ हुआ राजस्थान के ब्यावर में, जहां एक युवक ने अपनी पसंद की लड़की से शादी करने की जिद में अपनी जान दांव पर लगा दी। यह युवक सीधे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया और तब तक वहां खड़ा रहा जब तक पुलिस और लोगों ने मिलकर उसे नीचे नहीं उतारा।

युवक अपने परिवार से नाराज था, क्योंकि वे उसकी लव मैरिज के लिए तैयार नहीं थे। इस बात से गुस्से में आकर उसने इतना खतरनाक कदम उठाया। सोचने वाली बात यह है कि अगर वह टॉवर से फिसलकर गिर जाता या वहां बिजली का करंट होता तो उसकी जान चली जाती और घरवालों को जिंदगी भर पछताना पड़ता। लोगों



का कहना है कि युवक की यह हरकत मशहूर फिल्म शोले के उस सीन जैसी लग रही थी, जिसमें धर्मेंद्र पानी की टंकी पर चढ़कर बसंती से शादी की जिद करते हैं। फर्क सिर्फ इतना था कि यह नजारा फिल्म का नहीं, बल्कि हकीकत का था।जब युवक टॉवर पर चढ़ा, तो सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई। सब लोग सांस रोककर देख रहे थे कि आखिर यह बंदा कर क्या रहा है।

जिस टॉवर पर युवक चढ़ा था, वह अभी अंडर कंस्ट्रक्शन था। यानी उस पर बिजली का कनेक्शन नहीं था, जिसकी वजह से बड़ा हादसा टल गया। इस बीच पुलिस को जैसे ही जानकारी मिली टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। कई घंटों तक समझाने और मशक्कत करने के बाद आखिरकार युवक को नीचे उतारा गया।

इसके बाद पुलिस ने उसे शांति भंग करने के आरोप में हिरासत में ले लिया।


### पुलिस ने महिला का अंडरवियर चुराया

लंदन। ब्रिटेन में एक बड़ा ही अजीब मामला सामने आया है। यहां एक पुलिस अधिकारी को जेल की सजा सुनाई गई है, क्योंकि उसने एक महिला के घर की तलाशी के दौरान उसका अंडरवियर चुरा लिया था और ऐसा करते वह कैमरे में कैद हो गया था। मार्सिन जिलिंस्की नाम के पुलिसकर्मी को सीसीटीवी कैमरे में एक गुलाबी अंडरवियर उठाते और उसे अपनी पिछली जेब में रखते हुए रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि, यह घटना पिछले साल की है, लेकिन टिकटॉक पर महिला ने हाल ही में यह वीडियो जारी किया है, जब जिलिंस्की को कैम्ब्रिज क्राउन कोर्ट में चार महीने की जेल हुई थी।

### यूके के इस रेस्टोरेंट में मिलती है पानी की अलग-अलग वैरायटी

लंदन। यूनाइटेड किंगडम के एक फ्रेंच स्टाइल रेस्टोरेंट, ला पोपोटे ने शराब न पीने वालों ग्राहकों के लिए एक अनोखा फैसला लिया है। उन्होंने वाटर सोमेलियर डोरन बाइंडर का तैयार किया गया एक शानदार वाटर मेनू पेश किया है। इस मेनू में ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल सहित पूरे यूरोप के बोतलबंद पानी के ऑप्शन शामिल हैं।




# 300 किलो का कैदी, देखभाल पर रोज खर्च होते हैं डेढ़ लाख रुपए

**वियना।** ऑस्ट्रिया में एक ऐसा अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसके बारे में जानकर हर कोई दंग रह गया है। यहां एक 29 साल का कैदी सुर्खियों में बना हुआ है।लगभग 300 किलो वजनी इस कैदी की देखरेख के लिए यहां की सरकार को एक औसत कैदी के रखरखाव से 10 गुना ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। इस मामले ने ऑस्ट्रिया में एक नई बहस छेड़ दी है।लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्यों ड्रग्स तस्करी जैसे गंभीर अपराध करने वाले इस कैदी पर सरकार टैक्सपेयर्स के पैसे को पानी की तरह बहा रही है, जबकि



आम लोगों को इलाज मिलने में महीनों लग जाते हैं। न्यायिक सूत्रों के हवाले से खुलासा किया गया कि इस भारी भरकम कैदी पर ऑस्ट्रिया सरकार को प्रति दिन करीब 1,800 यूरो (1.8 लाख रुपए से अधिक) खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि आम कैदी के रखरखाव पर सिर्फ 180 यूरो (यानी 18,000 रुपये से ज्यादा) का खर्च आता है। कैदी को पहले वियना की जोसेफस्टाट जेल में रखा गया था, लेकिन अत्यधिक वजन होने के कारण उसका बिस्तर टूट गया, जिसके बाद उसे कोर्न्यूबर्ग जेल में शिफ्ट करना पड़ा।




### नोरा जैसी बनो! पति की सनक ने बर्बाद की नई-नवेली दुल्हन की जिंदगी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां पर एक पति अपनी पत्नी को नोरा फतेही जैसी बनाने के लिए रोज 3 घंटे जिम करवाता था, लेकिन अब ये मामला थाने तक पहुंच गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही की दीवानगी एक युवक पर इस कदर हावी हो गई कि उसने अपनी पत्नी को ही उनके जैसी बनाने का ठान लिया. आपको बता दें कि अब ये मामला महिला थाने तक पहुंच गया है। आरोप है कि शिवम उज्ज्वल, जो पेशे से सरकारी फिजिकल एजुकेशन टीचर है, अपनी पत्नी शानवी पर रोज़ाना तीन-तीन घंटे जिम में पसीना बहाने का दबाव डालता था। पीड़िता का कहना है कि अगर वह इतनी देर कसरत नहीं कर पाती थी तो उसे खाना तक नहीं दिया जाता था।
शानवी की शादी इसी साल मार्च में धूमधाम से हुई थी। परिजनों ने लगभग 76 लाख रुपए खर्च किए, जिसमें 24 लाख की महिंद्रा स्कॉर्पियो, 10 लाख रुपए नकद और लाखों के गहने शामिल थे। इसके बावजूद पति और ससुराल पक्ष जमीन, नकदी और कीमती सामान की लगातार मांग करते रहे। पीड़िता ने बताया कि उसका पति उसे ताने मारता था कि उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई है, क्योंकि उसे तो नोरा फतेही जैसी खूबसूरत पत्नी मिल सकती थी। इतना ही नहीं, पति ने उस पर गर्भपात कराने का भी आरोप झेला है। वहीं, शानवी ने ये भी आरोप लगाया कि जब उसने पति के दूसरी लड़कियों से चैटिंग और आपत्तिजनक तस्वीरें देखने का विरोध किया, तो उसे मारपीट कर चुप करा दिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com